इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -336 | राजनांदगांव, रविवार 27 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# 'दुश्मनी से किसी का फायदा नहीं', ईरान-इजरायल के बीच बढ़ती टेंशन पर बोला भारत

नई दिल्ली। भारत ने शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और शांति और स्थिरता पर इसके असर को लेकर चिंतित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस शत्रुता से किसी को कोई फायदा नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि हम संबंधित पक्षों से संयम बरतने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान दोहराते हैं। निर्दोष बंधकों और नागरिकों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारे मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं।



### इजरायल ने सैन्य ठिकानों पर किए हमले

नई दिल्ली की प्रतिक्रिया तब आई है, जब इजरायल ने शनिवार को ईरान में सैन्य स्थलों पर हमले किए, जिससे दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई। आईडीएफ के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल डैनियल हैगर ने कहा कि इजरायली वायु सेना के सहयोग से किए गए हमले एक अक्टूबर को बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में हुए हैं। भारत में इजरायल के महावाणिज्यदूत कोब्बी शोशानी ने शनिवार को कहा कि हमारे साथ खिलवाड़ मत करो। इजरायल पश्चिम एशिया में किसी भी स्थान तक पहुंच सकता है। ईरान के हमलों पर इजरायल की प्रतिक्रिया का जिक्र करते हुए शोशानी ने कहा कि हम जल्द ही परिणाम देखेंगे।

उन्होंने कहा कि संदेश बहुत स्पष्ट है। चाहे वह बहुत दूर हो या पास। हम लक्ष्य पर सटीक निशाना लगा सकते हैं। हमने ईरान में सीधे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारे दृष्टिकोण से ईरान के साथ यह मामला समाप्त हो गया। मुझे उम्मीद है कि वे जवाबी कार्रवाई की गलती नहीं करेंगे। इजरायल पश्चिम एशिया में सुरक्षा और शांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### इजरायल ने किए ताबड़तोड़ हमले

गौरतलब है कि इरायल ने शनिवार तड़के ईरान के सैन्य ओर ड्रोन ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। बदले की इस कार्रवाई में इजरायल के 100 से ज्यादा लड़ाकू विमान शामिल रहे। राजधानी तेहरान समेत ईरान के कई राज्यों में धमाकों की गूंज सुनी गई। हालांकि ईरान के परमाणु और तेल ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया। हमले में ईरान को भारी नुकसान पहुंचने की खबर है। उसके दो सैनिक भी मारे गए हैं।

ईरान ने सीमित नुकसान होने का दावा किया और कहा कि वह सही समय पर इसका जवाब देगा। इजरायली हमले के बाद पश्चिम एशिया में युद्ध का संकट गहरा गया है। ईरान ने एक अक्टूबर को करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइलों से इजरायल पर हमला किया था।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हैंड ग्रेनेड और पाकिस्तानी सामान बरामद; सर्च अभियान जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक गांव में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। उस जगह से कुछ ग्रेनेड और तीन पाकिस्तानी माइन जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर उपखंड के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला।



ठिकाने से दो हथगोले और तीन माइन जब्त किए गए। हालांकि, ऑपरेशन के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बीच, अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवानों को मेंढर के मनकोट सेक्टर में एक जल बिंदु के पास गश्त के दौरान जंग लगा मोर्टार शेल मिला। बाद में विशेषज्ञों ने नियंत्रित विस्फोट में शेल को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया।

### गुलमर्ग हमले में 3 से 4 आतंकी शामिल

वहीं, शनिवार को अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग सेक्टर में सेना के काफिले पर हुए घातक हमले में नया खुलासा किया। खबर है कि हमले में तीन से चार आतंकवादी शामिल थे। इस हमले में दो सैनिकों सहित चार लोग मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान, जो दूसरे दिन भी जारी रहा, शुक्रवार को शाम ढलने के बाद रोक दिया गया और शनिवार सुबह फिर से शुरू किया गया। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहम्मद जैद मलिक ने उत्तरी कश्मीर जिले में संवाददाताओं से कहा कि वहां से हमें जो साक्ष्य मिले हैं, उनके अनुसार हमले में 3-4 आतंकवादी शामिल थे। एसएसपी ने बताया कि पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बल तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिसे गुलमर्ग के बाबा रेशी और वन क्षेत्रों के साथ-साथ इसके सामने बसे इलाकों तक बढ़ा दिया गया है।

### गुलमर्ग से 6 किलोमीटर की दूरी पर गोलीबारी

आतंकवादियों ने पर्यटक स्थल गुलमर्ग से 6 किलोमीटर दूर बोटा पाथरी इलाके में सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस ने जारी की 23 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट, अब तक कुल 71 कैंडिडेट्स का ऐलान

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में 23 नए उम्मीदवारों को शामिल किया गया है, जिससे कुल उम्मीदवारों की संख्या 71 हो गई है। कांग्रेस ने नागपुर साउथ से गिरिश पांडव को टिकट दिया है, जो इस सीट पर शिवसेना (उद्धव गुट) के साथ विवाद का केंद्र रही है। इससे पहले पार्टी ने 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।



### मुंबई की तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा

कांग्रेस ने इस बार मुंबई की तीन महत्वपूर्ण सीटों के लिए भी उम्मीदवार घोषित किए हैं। कांदिवली ईस्ट से कालू बढ़ेलिया को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, चारकोप सीट से यशवंत जयप्रकाश सिंह और साइन कोलीवाडा से गणेश कुमार यादव को टिकट दिया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि ये उम्मीदवार एमव्हीए गठबंधन के साथ मिलकर इस बार शानदार प्रदर्शन करेंगे।

### नागपुर साउथ सीट से गिरिश पांडव को मिला टिकट

नागपुर साउथ सीट कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) के बीच चर्चा का विषय बनी हुई थी। आखिरकार कांग्रेस ने यहां से गिरिश पांडव को उम्मीदवार बनाया है। पांडव लंबे समय से पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं और कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताया है। इस सीट पर दोनों पार्टियों के बीच सहमति बनने से एमव्हीए गठबंधन की एकजुटता का संदेश गया है।

### पुरानी सीटों पर दिग्गज नेताओं को मिला मौका

सूची में पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं को उनकी पुरानी सीटों से ही टिकट दिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम आवास पहुंचीं राष्ट्रपति : मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ किया स्वागत, भोज में हुई शामिल

रायपुर। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को नवा रायपुर सेक्टर 24 स्थित नवीन मुख्यमंत्री निवास पहुंचीं। उनके यहां पहुंचते ही राज्यपाल रमेन डेका, सीएम विष्णुदेव साय, प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय सहित परिजनों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सीएम आवास में मुख्यमंत्री के परिवार से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने सबके साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई। उन्होंने सीएम साय के बच्चों को आशीष दिया और राष्ट्रपति भवन की पुस्तक और चॉकलेट उपहार स्वरूप दिए। राष्ट्रपति के सम्मान में मुख्यमंत्री साय ने अपने निवास में भोज का आयोजन किया था।

### सीएम ने राष्ट्रपति को भेंट किया फोटो का एल्बम

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को सीएम विष्णुदेव साय ने उनके दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान की (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# एसीबी ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के अकाउटेंट सुनील दत्त को किया गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम एक और कार्रवाई की है। एजेंसी ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के अकाउंटेंट सुनील दत्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी सुनील दत्त ही नकली होलोग्राम नोएडा से रायपुर भेजता था।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ने अपराध क्रमांक 04/2024, धारा 7, 12, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 420, 467, 468, 471, 120बी. भादवि0 में डुप्लीकेट होलोग्राम के मामले गिरफ्तारी की है। आरोपी सुनील दत्त वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय में डुप्लीकेट होलोग्राम का लेखा-जोखा रखा जाता था. वह असली होलोग्राम के साथ छद्म तरीके से डुप्लीकेट होलोग्राम का परिवहन नोएडा से रायपुर करवाया जाता था। पूर्व में जप्त परिवहन में उपयोग में आने वाले इन्वाईस जिसमें डुप्लीकेट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायपुर में मकान की पहली मंजिल पर लगी भीषण आग, महिला समेत दो की मौत, एसी फटने से हुआ हादसा



रायपुर। देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आज शाम को एक भयावह हादसा हुआ, जिसमें महिला समेत दो लोगों की जान चली गई। देवेंद्र नगर सेक्टर-1 में स्थित भूपेंद्र जैन के मकान में लगभग 8 बजे अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग प्रथम तल पर स्थित उस किराए के मकान में लगी, जहां ऑटोमेशन आर्ट नाम से एक होम इंटीरियर डिजाइन का ऑफिस चलता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस आग का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट से विस्फोट होना बताया जा रहा है, जिससे पूरे ऑफिस में आग फैल गई।

इस हादसे में ऑटोमेशन आर्ट के संचालक आरिफ मंसूर खान और उनकी महिला सहकर्मी बुरी तरह झुलस गए। आग की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड और पुलिस बल पहुंचा, जिन्होंने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया और दोनों घायलों को अंबेडकर अस्पताल अस्पताल भेजा गया। हालांकि, डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया।

### ऑफिस से आई जोरदार धमाके की आवाज

जानकारी के अनुसार, ऑफिस से अचानक जोरदार धमाके की आवाज आई, (शेष पृष्ठ 6 पर...)















# धान खरीदी 14 नवंबर से, जिले में खरीदी की तैयारियां शुरू

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जानी है। इसकी जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधीन सहकारी समितियां धान खरीदी के कार्य की तैयारियां शुरू कर दी है। इधर जिला सहकारी बैंक द्वारा धान खरीदी के लिए की जाने वाली व्यवस्था पर भी पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। ताकि किसानों को किसी तरह परेशानी न हो।

बता दें कि सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान बेचने वाले पुराने पंजीकृत किसानों का पंजीयन कैरी फारवर्ड किया जा चुका है। वहीं नए किसानों का पंजीयन 30 नवंबर तक किया जाना है। जानने में आ रहा है कि इस बार भी पूर्व की तरह नए किसान अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं। इसके पीछे प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी का समर्थन मूल्य लगातार बढ़ाया जाना है। इसके चलते प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में लगभग पांच दर्जन नए किसान जुड़ रहे हैं।

### 72 लाख क्विंटल खरीदी का लक्ष्य

बता दें कि गत खरीफ सीजन के लिए

## 30 नवंबर तक जारी रहेगा धान खरीदी का पंजीयन



जिले के चारों ब्लाकों को मिला कर कुल एक लाख 28 हजार 69 किसानों ने पंजीयन कराया था जिसका पूर्व पंजीकृत रकबा 155263 हेक्टेयर था। गत वर्ष राज्य शासन ने राजनांदगांव जिले को 66 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया था। जिसके विरुद्ध जिले में 70 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस बार शासन ने 72 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया है। अतः जिस रफ्तार से नए किसान समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए पंजीयन करा रहे हैं इससे लगता है कि इस वर्ष भी समर्थन मूल्य में धान खरीदी लक्ष्य से पार जाएगा।

बशर्ते तय समय में धान का उठाव हो, परिवहन व्यवस्था ठीक-ठाक बनी रहे। मार्कफेड द्वारा बारदानो की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही अचानक की होने होने वाली बारिश-पानी की स्थिति से धान को भीगने से बचाए जाने का पूरे इंताजामात हो। इससे किसानों को सुविधा मिलेगी, सहकारी समिति के प्रबंधकों को भी धान खरीदी में सहुलियत होगी।

### नए किसानों का पंजीयन 30 तक

धान खरीदी के लिए बारदाना उपलब्ध कराने सहित धान की उठाव की व्यवस्था देखने वाले मार्कफेड की मानें तो समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए नए किसानों का पंजीयन का कार्य अगस्त माह से शुरू हो गया था। अब यह कार्य अंतिम चरण में है। नए किसानों का पंजीयन 30 नवंबर तक किया जाएगा।

बताते चलें कि जिले के चार ब्लाकों में कुल 96 धान उपार्जन केन्द्र है। और प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में लगभग 50 से 60 नए किसान जुड़ रहे हैं।इस तरह इस बार भी लगभग 6000 नए किसानों की जुड़ने की उम्मीद की जा रही है। बता दें कि विगत कुछ वर्षों से जिस तरह से राज्य सरकारी धान का रेट जिसमें केंद्र सरकार का समर्थन मूल्य और राज्य सरकार का बोनस शामिल हैं जिसके कारण किसानों का रुझान खेती की ओर हुआ है और तेज रफ्तार से बढ़ भी रहा है। इधर शासन द्वारा प्रति एकड़ खरीदने वाले धान की क्वांटीटी भी बढ़ाकर 21 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी है। इससे भी किसान बड़ी संख्या में सरकार को समर्थन मूल्य में धान बेचने तैयार हो रहे हैं और पंजीयन भी कराया जा रहा है। आगामी दिनों नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव को देखते हुए राज्य शासन से धान के रेट में बढ़ोत्तरी की उम्मीद की जा रही है। बहरहाल जिले में 14 नवंबर से शुरू होने वाली समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारियों में बैंक सहित जिले की सहकारी समितियों जुट गई है।

> आगामी 14 नवंबर से जिले के किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जानी है। इसके लिए तैयारियां की जा रही है।
> **– प्रशांत मिश्रा, सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजनांदगांव**

# आस्था मुकबधिर स्कूल ने दीपावली त्यौहार मनाया

राजनांदगांव (दावा)। श्री राम हॉस्पिटल के समीप बसंतपुर डोंगरगांव रोड पर स्थित आस्था मुकबधिर स्कूल के बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया गया।




बचपन स्कूल वैसे तो समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगिण विकास पर अधिक महत्व देता हैं। उसी गतिविधि के अंतर्गत बच्चों में भी की भावना का विकास करने के उद्देश्य से शाला परिवार द्वारा इस वर्ष दीपावली पर्व पर बचपन स्कूल के विद्यार्थियों को शहर में स्थित ''आस्था'' मुकवधिर बच्चो के साथ दीपावली मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बचपन स्कूल के छात्रों ने आस्था स्कूल के बच्चो के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया, उनके अध्ययन अध्यापन के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा किस प्रकार वे अपना जीवन निर्वाह करते हैं उन मुकबधिर बच्चों से सीखा। जैसे की परम्परा हैं कि दीपावली दीपो का पर्व हैं उसी परम्परा का निर्वाहित करते हुए बचपन के प्रत्येक छात्र ने मुकबधिर बच्चो के लिए स्वयं सजाएँ हुए दीपो के साथ गिफ्ट का वितरण किया तथा पटाखे जलाकर छोटे - छोटे बच्चो के साथ दीपावली पर्व मनाया। इस सराहनीय कार्य के लिए बच्चे काफी उत्साहित नजर

आए तथा उन्होंने ''द्वीपदान'' कर मुकबधिर बच्चो के साथ प्रत्येक वर्ष दीपावली मनाने का प्रण भी लिया। शाला के डाइरेक्टर सुनील जैन सर, राकेश पारख सर जी तथा टीकम सोनी सर ने बच्चो के इस प्रशंसनीय कार्य की सराहना की तथा प्रत्येक वर्ष दीपावली पर्व से पहले इस प्रकार के आयोजन कराने का भी संकल्प लिया।

शाला की प्राचार्या श्रीमति द्विवेदी मैम ने आस्था के बच्चों की जीवनशैली उनके रहनसहन के विषय में बच्चों को अवगत कराया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित आस्था परिवार ने बचपन किड्स को उत्साहवर्धन किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पहला कॉलम...

### राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर में शामिल हुए जिले के छात्र



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में आयोजित किया गया। इस शिविर में राजनांदगांव जिले से 16-16 बालक-बालिका छात्रों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर में छत्तीसगढ़ के सभी 33 से 900 प्रतिभागी तथा 110 प्रभारी शामिल हुए। पांच दिवसीय इस शिविर में मार्च पास्ट, लोकगीत, लोक नृत्य, निबंध, हस्तकला, रंगोली, पेंटिंग, क्विज, अंताक्षरी, फिजिकल डिस्प्ले, फर्स्ट एण्ड प्रदर्शन, फूड जंक्शन, झांकी, गणेश प्रदर्शनी, बेस्ट जूनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में राजनांदगांव जिले के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी बच्चों ने साहसिक गतिविधियों के साथ भिलाई स्टील प्लांट, नगपुरा जैन मंदिर, मैत्री बाग का भी भ्रमण किया।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ राजनांदगांव का निर्वाचन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ राजनांदगांव का निर्वाचन डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से आजीवन सदस्य उमेश कुमार हथेल को अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह सभी आजीवन सदस्यों ने सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पुरूष के लिए विष्णु प्रसाद साव, टोमन साहू, राकेश भावते को एवं उपाध्यक्ष महिला के लिए श्रीमती वर्षा अग्रवाल, श्रीमती नीना खंडेलवाल, श्रीमती उषा चटर्जी तथा कोषाध्यक्ष हेतु आलोक बिंदल चुना। उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा ने निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त प्रवास सिंह बघेल, जिला सचिव देवेन्द्र अंबादे सहित अन्य सदस्य व अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### लक्ष्मीचंद पालीवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लोहारपारा निवासी लक्ष्मीचंद पालीवाल का 26 अक्टूबर को दोपहर 2.50 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रमेश कुमार, उमेश कुमार पालीवाल के पिता, मृणाल, कुणाल, पीयूष के दादा थे।

**छत्तीसगढ़ विज्ञान गणित शिक्षा प्रोत्साहन योजना**

## पात्र विद्यार्थियों का 15 नवम्बर के पूर्व पंजीयन कराने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विज्ञान गणित शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कक्षा 11वीं एवं 12वीं विज्ञान एवं गणित संकाय में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों का 15 नवम्बर 2024 के पूर्व पंजीयन कराने कहा गया है। योजना अंतर्गत कक्षा 10वीं व 11वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण विद्यार्थी पात्र होंगे। छत्तीसगढ़ विज्ञान गणित शिक्षा प्रोत्साहन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था से प्राप्त की जा सकती है।

## बलराम साहू निर्वाचित हूए गऊाम पटेल

कल्लूबंजारी (दावा)। समीपस्थ ग्राम आटरा में बलराम साहू को समस्त ग्रामीणो ने मिलकर गऊाम पटेल नियुक्त किया गया जिसके बाद उसे हार-फूल तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिसमें आनंद राम निशाद, जानूराम साहू, श्यामलाल मंडावी, लखनलाल साहू, तोमन लाल निशाद, दुलारसिंग निशाद, ईमानदास साहू, नंदलाल साहू, आरतीलाल कौशिक, तुलसीराम धोबी, ईमनलाल नेताम, अलखराम साहू, उकेश नेताम, रामसाय साहू, नेतलाल निशाद आदि ने बधाई दिया।

# ग्रामीणों ने बनवाई सड़क : शिकायत के बाद भी नहीं हुई मरम्मत, 30 हजार खर्च कर बनवाई रोड



बलौदाबाजार (दावा)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सड़क जर्जर हो गई थी, जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने प्रशासन से की थी। लेकिन जब प्रशासन ने उनकी नहीं सुनी तो उन्होंने खुद ही सड़क को बनवाने का बीड़ा उठा लिया। कुछ ग्रामीणों ने मिलकर लगभग दो किलोमीटर सड़क की मरम्मत करवाई। जिसके बाद इलाके में यह चर्चा का विषय बन गया है।

यह पूरा मामला बलौदाबाजार जिले के सरहदी गांव का है। जहां कुरकुटी से बया तक की लगभग 2 किलोमीटर सड़क पर बड़े-बड़े जान लेवा गड्ढे हो गए थे और आए दिन उस मार्ग पर दुर्घटनाएं हो रही रही थी। जिसे देखते हुए वाहन मालिकों ने अपने खर्चे से उक्त सड़क पर मुरूम डालकर समतल किया। जिससे आने- जाने वाले लोगों को सुविधा हो रही है।

### स्थानीय लोगों ने चर्चा कर बनवाया

दरसअल, बया से पिथौरा जाने वाली दो किलोमीटर सड़क पर जानलेवा गड्ढा हो गया था। खराब सड़क की वजह से आए दिन दोपहिया चालक गिर कर घायल हो रहे थे, यहां तक की 2 किलोमीटर की दूरी तय करने में आधे घंटे का समय लगता था।

जिस पर स्थानीय निवासी पत्रकार विकास अग्रवाल ने कुछ लोगों से चर्चा कर सड़क मरम्मत करने की बात कही। जिस पर जेसीबी संचालक लोकेश प्रधान, ट्रैक्टर मालिक राजकुमार बरिहा और अशोक चौहान ने सहयोग करते हुए उक्त सड़क को 4 घंटे में ही समतल कर दिया। इस सड़क की मरम्मत में कुल 30 हजार रु का खर्च आया है।

## राष्ट्रीय किसान मेला में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव का स्टॉल रहा आकर्षण का केन्द्र



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में चार दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्टीय किसान मेला के आयोजन से प्रदेश के किसानों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों ने मेला का भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय किसान मेला में विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा स्टॉल लगाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव का स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहा। स्टॉल में मशरूम उत्पाद, अचार, पापड़, बड़ी व सूखा मशरूम एवं धान के दुर्लभ किस्म प्रजाति ग्रीन राइस, ब्राउन राइस, देशी सफरी राइस, काला नमक किरण, गेहू, किस्म देशी बंशी, सोना मोती, खपली, काला गेहूं, हरा चना, ब्राउन चना सहित अन्य जैविक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, श्रीमती अंजली घृतलहरे, श्री जितेन्द्र कुमार मेश्राम उपस्थित थे।

## भारतीय रिजर्व बैंक के राज्य स्तर क्वीज हेतु दिग्विजय महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रिजर्व बैंक की



90वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य स्तर क्वीज प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों पियूष देवांगन बीएससी पंचम सेमेस्टर तथा रोहन लाल पटेल बीएससी पंचम सेमेस्टर का चयन हुआ है। क्वीज प्रतियोगिता के प्रथम चरण में ऑनलाइन क्वीज का आयोजन रिजर्व बैंक ऑफइंडिया द्वारा किया गया था, जो एक एलिनिमेशन राऊंड था, जिससे राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 90 टीम का चयन द्वितीय चरण हेतु किया गया है।

इन चरण में प्रत्यक्ष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 05 नवम्बर 2024 को रायपुर में किया गया है। इस सफलता के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.श्रीमती अंजना ठाकुर ने दोनों विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई दी। इस क्वीज प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ. शंकरमुनि राय तथा महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने विद्यार्थियों को आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में एन.पी.एस. के छात्रों ने जीता सोना




राजनांदगाँव (दावा)। शहर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था नीरज पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी ने शाला के अनुभवी खेल प्रशिक्षक कोच निसार अब्बास के कुशल नेतृत्व में गत दिनों मडगांव, गोवा में आयोजित तीसरी राष्ट्रीय डिफेंडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 6 विद्यार्थियों निहाल जैन, दक्षराज ठाकुर, हेमिश टांक, मेहुल मेश्राम, आदर्श नायक, अखिलेश जंघम ने गोल्ड मेडल व 2 विद्यार्थियों शौर्य यादव एवं तन्मय जैन ने सिल्वर मेडल प्राप्त किए। उल्लेखनीय अब्बास छत्तीसगढ़ राज्य की तरफ से इस दल का नेतृत्व कर रहे थे।

विद्यार्थियों की शहर आगमन पर रेल्वे स्टेशन प्रांगण में शाला परिवार द्वारा पुष्प माला एवं आतिशबाजी से स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर एन.पी.एस. क्रीड़ा विभाग एवं शाला निदेशकमंडल, प्राचार्या सुश्री भारती गौते सहित शाला परिवार ने इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाईयाँ प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हेमलता का चयन एन.आई.सी. कैंप हरियाणा के लिए



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका कु. हेमलता साहू का चयन एन.आई.सी. कैंप हरियाणा के लिए हुआ था। कैंप में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ के अन्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ डोगरगढ़ महाविद्यालय की छात्रा हेमलता साहू हरियाणा के लिए रवाना हुए हुई। छात्रा के चयन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एच.आ. पदमे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी सहित महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी है।

## युगांतर एवं खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगाँव के बालक मनामा बहरीन में आईएसएफ जिमनेशियाड में लेंगे भाग




राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल एवं खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी की बालक टीम मनामा बहरीन में 23 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित आई एस एफ जिमनेशियाड में भाग लेंगी। इसके अलावा शहर की डीपीएस बास्केटबॉल एकेडमी की टीम भी 3×3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मनामा बहरीन पहुँच गई है। इस तरह बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगाँव के नाम पर एक और अध्याय जुड़ गया है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए युगांतर के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी एवं युगांतर खेलों इंडिया एकेडमी के प्रशासनिक अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 70 देशों के लगभग 5400 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं अधिकारी विविध खेलों में भाग ले रहे हैं । उल्लेखनीय है कि युगांतर के बालक-बालिका बास्केटबॉल खेल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। स्कूल की उपलब्धियों को देखते हुए भारत सरकार के खेल विभाग ने युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगाँव को बास्केटबॉल खेल में खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी संचालित करने की मान्यता दी है। इसके पश्चात एकेडमी और स्कूल के अन्य खिलाड़ियों के द्वारा लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा खेलों इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी के खिलाड़ियों के लिए रहने, खाने, पढ़ाई, स्पोर्ट्स कीट, शू, कॉम्पिटिशन एक्सपोजर के लिए फंड प्रदान किया जाता है। युगांतर की बास्केटबॉल टीम अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव के कुशल मार्गदर्शन में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। कालवा राधा राव छत्तीसगढ़ की एकमात्र महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी है, जो छत्तीसगढ़ शासन से उत्कृष्ट खिलाडी अवार्ड से सम्मानित है, वे एनआईएस से डिप्लोमा प्राप्त कोच तथा वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ बास्केटबॉल कोचेस से लेवल वन कोच भी है । राधा और उनके पति कालवा राजेश्वर राव ने वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को चयनित कर उचित प्रशिक्षण प्रदान कर उनका सार्थक जीवन बनाने का अथक प्रयास किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता और उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता दर्ज की। उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ी विभिन्न शासकीय संस्थानों में खेल कोटे से नौकरी भी कर रहे हैं। यही नहीं युगांतर खेलों इंडिया एकेडमी की हेड कोच कालवा राधा राव को वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रॉ टेलेंटेड बालिकाओं को खोजकर उन्हें तराशकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाकर उनका सार्थक जीवन बनाने के कार्य के लिए समाज सेवा के लिए दिल्ली में दिल्ली स्टार अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

इन दोनों के मार्गदर्शन में युगांतर की बालक बालिका बास्केटबॉल टीम ने कई अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल एवं विश्व स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। इसका संपूर्ण श्रेय भी अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं उनकी पत्नी कालवा राधा राव को ही जाता है। बालक टीम इस प्रकार हैं - लक्ष्य शर्मा, शिबु कुमार, केविन चलापुरम, दीपांशु एवं टीम की हेड कोच कालवा राधा राव एवं मैनेजर आशीष है। युगांतर के बास्केटबॉल के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने बधाइयाँ दी हैं।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

456-5 367-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**कार्यालय ग्राम पंचायत चारभांठा**
**जनपद पंचायत राजनांदगांव (छ.ग.)**
// निविदा आमंत्रण सूचना //

सर्वजन को सूचित किया जाता है, कि जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चारभांठा हेतु ठेठवार समाज वेशभूषा क्रय राशि रू. 20,000/- एवं निषाद समाज हेतु बर्तन क्रय राशि रू. 30,000/- का किया जाना है। संबंधित फर्मों/ निविदादाताओं से अपनी-अपनी निविदा दरें निविदा प्रकाशन दिनांक 27/10/2024 से 31/10/2024 तक कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें।

टीप:- निविदा से संबंधित नियम व शर्तों का अवलोकन कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सचिव — ग्राम पंचायत चारभांठा
सरपंच — ग्राम पंचायत चारभांठा

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
स्त्री 2
सरकटे का आतंक
कलाकार - राजकुमार राव - श्रद्धा कपूर, अक्षय कुमार, वरूण धवन



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
25th OCT to 30th OCT 2024
silver SCREEN




Dastaavej (C.G) - 12:15 pm
Bandaa Singh Chaudhary (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Venom The Last Dance (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# पुलिस विभाग में एसआई समेत 341 पदों पर भर्ती

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने पुलिस विभाग के 341 पदों पर भर्ती निकाली है, जिनमें सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), और प्लाटून कमांडर के पद शामिल हैं। पुलिस विभाग के इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 अक्टूबर से शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 21 नवंबर तक सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट www.cgpsc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

यह भर्ती प्रक्रिया युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिस पर लंबे समय से उनके द्वारा प्रतीक्षा की जा रही थी। पुलिस विभाग में कार्य करने की इच्छा रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह एक सुनहरा मौका है, जिसमें वे अपनी क्षमता और योग्यता के अनुसार विभिन्न पदों पर चयनित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज और योग्यताओं को ध्यान से पढ़ लें ताकि उन्हें आवेदन में कोई कठिनाई न हो।



सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा) और प्लाटून कमांडर के पद पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी को किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह) और उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) पद के लिए गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान के साथ स्नातक में उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के लिए बीसीए या बीएससी कंप्यूटर या इसके समकक्ष कोर्स किया होना जरूरी है।

पुलिस विभाग में कुल 341 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें विभिन्न पद शामिल हैं-

सूबेदार के 19, उप निरीक्षक के 278, उप निरीक्षक (विशेष शाखा) के 11, प्लाटून कमांडर के 14, उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह) के 4, उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) के 1, उप निरीक्षक (कंप्यूटर) के 5, और उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के 9 पद शामिल हैं।

### आयु सीमा

इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों की आयु कम से कम 21 वर्ष और अधिकतम 28 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्गों के अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में छूट का लाभ मिलेगा।

### लंबाई मानक

पुरुष उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर और महिला उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 153 सेंटीमीटर निर्धारित है। पुरुष उम्मीदवारों के लिए छाती का माप सामान्य स्थिति में 81 सेंटीमीटर और फुलाने पर 86 सेंटीमीटर होना चाहिए।

### शारीरिक परीक्षण

भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता के तहत 100 मीटर और 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक जैसी गतिविधियां शामिल हैं, जिनके माध्यम से अभ्यर्थियों की शारीरिक क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा।

### चयन प्रक्रिया

इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा, जिसमें शारीरिक मानक परीक्षा, प्रारंभिक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हैं। सभी चरणों में सफल प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया जाएगा।

आवेदन प्रक्रिया के दौरान यदि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की त्रुटि होती है, तो उन्हें अपनी गलतियों को सुधारने के लिए दो अवसर दिए जाएंगे। पहला अवसर 22 से 24 नवंबर तक निश्शुल्क होगा, जबकि दूसरा अवसर 25 से 27 नवंबर तक सशुल्क होगा। शुल्क सुधार के लिए अभ्यर्थियों को 500 रुपये का शुल्क देना होगा। ध्यान रहे कि इस अवधि के बाद त्रुटि सुधार के लिए किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# एक्टिवा में 200 पौवा देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने साइबर टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी को धरदबोचा है तथा उनके पास से 200 पौवा देशी प्लेन शराब सहित शराब परिवहन करने में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन व एक नग पोको कम्पनी का मोबाईल जप्त किया गया है। आरोपी कि नाम दीपक ढीमर पिता शिव प्रसाद ढीमर उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना गंज चौक के पास वार्ड नं. 29 बताया जाता है जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शहर में नशे के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ, सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर सायबर सेल राजनांदगांव की टीम एंव थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन व थाना बसंतपुर स्टाफ की सयुक्त टीम द्वारा शनिवार 26 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर मोहारा से फरहद चौक की ओर जाने वाली बाई पास रोड तिरूपति इंटरप्राईजेस के सामने में आरोपी दीपक ढीमर को अपने एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 ए क्यू 8120 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़े जिसके कब्जे से 200 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला मात्रा 36.111 वल्क लीटर कीमत 18,000 रूपये एवं एक नग पोको कम्पनी का मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त एक्टीवा वाहन को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवागन, सायबर सेल प्रभारी विनय परमार की सयुक्त टीम उपनिरीक्षक देवादास भारती आरक्षक मुंझलाल ठाकुर आरक्षक जीवन ठाकुर, आरक्षक हरिश ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

# शा. कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घुमका में दीपावली मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया



घुमका (दावा)। आज शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घुमका में दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया था इस उपलक्ष में कक्षा सजाओ- कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा फूलों से रंगीन कागजों से रंगीन ग्लासों एवं दीपों द्वारा आकर्षक सजावट किया गया था बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मां लक्ष्मी जी की पूजा दीप जलाकर की गई बच्चों द्वारा गीत कविता एवं प्रेरक प्रसंग द्वारा बहुत सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस शुभ अवसर पर श्रीमती शीला सोनी द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को दाल, चावल, खीर-पूरी, सलाद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग से पधारे डॉ. चंद्र प्रकाश, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उत्तम साहू एवं उनके स्टाफ तथा कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घुमका के प्रधान पाठक बी. जे.सिंह ठाकुर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। सभी विशिष्टजनों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद बच्चों को प्राप्त हुआ।

# ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज की कहानी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिसाल...




राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज की कहानी उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिसाल है, जहां जल जीवन मिशन के माध्यम से जनसामान्य के जीवन स्तर में सुधार आया है, बल्कि ग्रामीणों में नई उम्मीद भी जगी है। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत चारभाठा के आश्रित ग्राम बंजारी में 39 परिवार एवं ग्राम फत्तेगंज में 34 परिवार निवास करते हैं। इस गांव के ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य साधन कृषि और मजदूरी है। पूर्व में इन गांव में पानी की काफी समस्या थी और पेयजल का एकमात्र स्रोत हैंडपंप था। ग्राम के सरपंच श्री मनोज कोर्राम ने बताया कि ग्राम बंजारी और फत्तेगंज के ग्रामीण लम्बे समय से पेयजल के लिए संघर्ष कर रहे थे। हैंडपम्पों से पानी निकालने में काफी दिक्कते आती थी। गर्मियों के दिनों में जब जलस्तर नीचे चला जाता था, तब पानी निकलना और भी ज्यादा मुश्किल हो जाता था। कई बार पानी के लिए ग्रामीणों को लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता था। इसके साथ ही ग्रामीणों को दूर के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ता था। जिससे उनका समय तो बर्बाद होता ही था, मेहनत भी काफी लगती थी। पानी की कमी का सबसे ज्यादा प्रभाव गांव की महिलाओं पर पड़ता था। जिनके दिन का एक बड़ा हिस्सा पानी की व्यवस्था में बीत जाता था।

**जल जीवन मिशन से जीवन स्तर में आया सुधार, ग्रामीणों में जगी नई उम्मीद**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरूण साव की पहल पर जल जीवन मिशन के तहत ग्राम बंजारी में 950 मीटर तथा ग्राम फत्तेगंज में 750 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गयी है तथा सोलर के माध्यम से 24 घंटे पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। अब ग्राम के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या में बहुत बदलाव आया है। जो समय पहले पानी की व्यवस्था में लगता था, अब वह अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों की उत्पादकता भी बढ़ी है और जीवन स्तर में सुधार भी हुआ है। ग्राम की निवासी श्रीमती निर्मला साहू एवं श्रीमती अंजू सिन्हा ने बताया कि पहले उनका समय दिन भर पानी जुटाने में लग जाता था एवं अपने बच्चों की देखभाल में भी पूर्ण समय नहीं दे पाती थी। जल जीवन मिशन अंतर्गत घरों में नल की सुविधा मिलने से अब उनके बच्चों को भी पढ़ाई के लिए अधिक समय मिलने लगा है और बच्चों के शैक्षणिक स्तर में भी सुधार हुआ है।

# विशेष ग्राम सभा के अवसर पर ग्रामों में हुआ एनीमिया रोकथाम शपथ कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विशेष ग्राम सभा के अवसर पर जिले के समस्त ग्रामों तथा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में एनीमिया रोकथाम शपथ का आयोजन किया गया। एनीमिया रोकथाम शपथ कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानीन प्रशिक्षक,मितानीन की उपस्थिति में पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, ग्रामवासियों द्वारा एनीमिया रोकथाम हेतु शपथ ली गई। उल्लेखनीय है कि 0 से 59 माह के बच्चों को निःशुल्क विफएस सीरप, किशोर बालक बालिका को आईफए टेब, गर्भवती माताओं को रेड आईफए टेब का सेवन करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होता है। समय पर एनीमिया जांच करने से आवश्यक उपचार निःशुल्क नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध हैं। जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान चलाये जाने से कुपोषण में कमी आयी है। एनीमिया मुक्ति हेतु जन भागीदारी का विशेष महत्व है। निरंतर जागरूकता कार्यक्रम करने से लोगों में एनीमिया रोकथाम में विशेष कमी आयी है। आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है।

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने आयोजित होने वाले विशेष ग्राम सभा में निर्वाचन नामावली, जल एवं फसल परिवर्तन विषयों पर चर्चा कर अनुमोदन कराने कहा। ग्राम सभा में किसानों को गर्मी में धान के बदले अन्य कम पानी की खपत वाले फसलों को लेने तथा आर्थिक रूप से फायदेमंद फसल को अपनाने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने विकासखंडवार जेम पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की समीक्षा की और कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कौशल विकास केन्द्र का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत आवासों की समीक्षा की और बचे हुए हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने समय-सीमा की बैठक, जनदर्शन एवं पीजीएन के लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने निर्देशित किया।




# संस्कारसिटी कालेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया दीपोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी कालेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में 26 अक्टूबर, दिन-शनिवार को दीप उत्सव का आयोजन किया गया। दिवाली के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों को दीया बनाने तथा सजाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, द्वारा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, ऑफिस स्टाफ प्रशिक्षणार्थियों दीपावली सुरक्षित रूप से मनाने संदेश देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम गोडलवाही में जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्राम गोडलवाही में उच्चस्तरीय टंकी और नल कनेक्शन के माध्यम से सभी घरों तक पहुंच रहा शुद्ध पेयजल**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने छुरिया विकासखंड के दूरस्थ ग्राम गोडलवाही में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम गोडलवाही में निर्मित उच्च स्तरीय टंकी और नल कनेक्शन के माध्यम से घरों तक पहुंच रहे जल प्रदाय को देखा। उन्होंने पंप ऑपरेटर के कार्य प्रणाली, टैंक कैपिसिटी एवं क्लोरिनेशन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम के सबसे ऊपर में बसे घर में नल कनेक्शन से मिल रहे पानी की स्पीड और गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने पानी की गुणवत्ता जांच निर्धारित समय-समय पर कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने यूजर चार्ज के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में सुबह-शाम साफ पानी उपलब्ध हो रहा है। रखरखाव के लिए यूजर चार्ज के रूप में प्रति कनेक्शन 50 रूपए लिया जाता है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी समीर शर्मा ने बताया कि ग्राम में उच्चस्तरीय टंकी के माध्यम से 387 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने पंप ऑपरेटर, सबमर्सिबल पंप, क्लोरिनेटर रूम, क्लोरिनेटर सिस्टम, विद्युत कनेक्शन, स्वीच रूम और बाउण्ड्रीवाल के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान श्री गोपाल सिंह भुआर्य सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# श्री दासीश्याम प्रभु का 6 दिवसीय स्वर्ण रजत महोत्सव 8 नवंबर से



राजनांदगांव (दावा)। कार्तिकसुदी ग्यारस को पूरी सनातन धर्म के लोग अपने-अपने घरों में दीप जलाकर इस उत्सव को देवउठनी ग्यारस तथा तुलसी विवाह और श्री खाटू वाले श्रीश्याम प्रभु के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। श्रीश्याम प्रभु के जन्मोत्सव को श्रीखाटू और पूरे देश के साथ-साथ संस्कारधानी के श्रीश्याम कुटी रामाधीन मार्ग में श्रीदासीश्याम मण्डल के द्वारा पूरे 50 वर्ष से अनवरत, नियमित रूप से मनाया जाता है। पूरे 50 वर्ष से श्री खाटूश्याम प्रभु के स्थापना से निरंतर पूरी भाव, भक्ति एवं सेवाभाव से श्री श्याम प्रभु का पूजन, पाठ, भोग, प्रसादी, सत्संग, किर्तन एवं सद्गुरू नाम और प्रभु के नाम की धुन होती आ रही है। श्रीखाटु वाले श्याम प्रभु अपनी महानभक्त शिरोमणि श्रीश्यामकुटी वाली को अपनी शक्ति कह कर उन्हें अपना नाम ''दासीश्याम'' दिया जैसे राधेश्याम सीताराम उसी तरह दासीश्याम।

इस दासीश्याम के मिलन व एकाकार हुए पूरे 25 वर्ष होने पर श्रीश्यामकुटी परिवार एवं श्रीदासीश्याम मंडल अपनी प्यारी गुरूमां की 25वी जयंती बड़े ही धुमधाम और पूरे उत्साह, उमंग और भाव से मना रहा है इस तरह रजत व स्वर्ण जयंती को 25 एवं 50 वर्ष होने की उपलक्ष्य में स्वर्ण रजत महोत्सव दिनांक 8 नवंबर से 13 नवंबर तक मनायेगा जिसकी तैयारीया पूरे जोर शोर से भक्तजन करने में जुटे हुए है। इस कड़ी में 8 नवंबर दिन शुक्रवार सप्तमी को सुबह से श्री गणेशवेदी व कलश स्थापना तथा कलश यात्रा के पश्चात दोपहर को परम श्रद्धेय श्री अनुराग कृष्ण शास्त्री जी (कन्हैया जी) के मुखारविंद से अग्रसेन भवन में प्रतिदिन दोपहर को होगी। 9 नवंबर, दिन शनिवार, अष्ठमी के दिन जयंती महोत्सव तथा 10 नवंबर, दिन रविवार, नवमी को फल्गुल महोत्सव, नृत्य वाटिका, फूलों की होली तथा 11 नवंबर, दिन सोमवार, दशमी को भव्य निशान यात्रा तथा 12 नवंबर, दिन मंगलवार, एकादशी के दिन सुबह शाम भजन तथा रात को सुबह 6 बजे तक रात्रि जागरण संकिर्तन होगा तथा रजत व स्वर्ण जयंती महोत्सव के अंतिम दिन 13 नवंबर दिन बुधवार को सर्वकल्याण महायज्ञ और पूर्णाहुति होगी। इस स्वर्ण रजत महोत्सव पर श्रीदासीश्याम प्रभु के भक्तगण, शिष्यगण, सेवकगण देश के अनेक राज्यों के अनेक शहरों से आयेंगे। इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां विगत 1वर्ष से हो रही है इसी कड़ी में रामाधिन मार्ग स्थित अग्रवाल परिवार जो कि नाकेवाले मंगल परिवार के नाम से प्रसिद्ध है । 11 नवंबर को निकलने वाली निशान यात्रा के भव्य स्वागत कि तैयारियां मंगल परिवार द्वारा रामाधिन मार्ग में भी कि गई है। स्वागत कि कड़ी में स्वागतद्वार, तोरणद्वार, स्वागत बैनर, इत्रसेन्ट तथा गुलाबजल का छिड़काव के साथ-साथ देशी गुलाब की फूलों की बरसात सुंदर डेक्रोरेशन, 5 महाआरती जिसमें देशी घी के दीये के आरती के साथ-साथ कपूर, आरती के साथ ही सुगांधित खुशबूदार अगरबत्तीयों का झालना किया जायेगा। और 5 डेकोरेड नारियल और मेवे और फूलों कि मनमोहक सुंदर हार से निशान यात्रा का स्वागत किया जायेगा। इस स्वागत की कड़ी में निरंतर गुरूभजन, गुरूवंदना और श्रीश्याम प्रभु के भजन, गरबा भी किया जायेगा।

# हरुना धान की कटाई शुरु, मंडी में आ रहा बंपर धान

राजनांदगांव (दावा)। दीवाली नजदीक आते ही बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में धान की आवक तेज हो गई है। चूंकि दीपावली पूर्व हरुना धान पक जाता है। इसलिए इसकी कटाई भी जोरो-शोरों से चल रही है। किसान जिसकी मिजाई कर दीपावली खर्चे के लिए मंडी में बेचने के लिए ला रहे हैं। इससे मंडी में किसानों की भीड़ देखी जा रही है। इधर दीपावली करीब आते ही मंडी में धान की आवक और भी बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



व्यापारियों की मानें तो आज मंडी में अभी महामाया धान का अच्छा रेट मिल रहा है। बता दें कि महामाया धान का उपयोग ज्यादातर पोहा बनाने में होता है। वैसे राजनांदगांव इस मामले में सबसे ज्यादा मुरमुरा -पोहा उत्पादक है। इसलिए मंडी में महामाया धान की ज्यादा डिमांड रहती है जिसके रेट भी अच्छा-खासा मिलता है।

**महामाया का सबसे ज्यादा मिल रहा रेट, आईआर 36 भी चढ़ा**

बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में शनिवार 26 अक्टूबर को कुल 3914 कट्टा धान की आवक हुई। इसमें नया धान 2792 कट्टा, कहानी 3673 व सोयाबीन की आवक 3506 कट्टा रही। इसमें सबसे ज्यादा दाम महामाया धान का रहा। शनिवार को यह धान 2250 से लेकर 2400 तक गया। इसी तरह नया महामाया 2350 रु. से लेकर 2431 रु. तक गया। वहीं आईआर जूना 2200 से 2250 रु. तक व नया 2300 रु. तक गया है। खदवन 1800 से 2000 रु., खदवन जूना 2260 रु. से 2285 रु. तक। एचएमटी जूना 2300 रु. व सरना धान जूना 2260 रु. से 2285 रु. तक, बीपीटी 2300 रु. नया आईआरएस 64 धान 2250 रु. से 2288 रु. तक व ओएम 3 धान 2275 से 2300 रुपए गया है।

मंडी में सोयाबीन शनिवार को 4240 से 4340 रुपए, लाखड़ी 4600 रु. से 4750 रुपए व चना देशी 5300 रु. से 5500 रु. तक व गेंहू 2500 रु. से 2600 व 2700 रुपए तक गया है। बटरी का रेट 5500 रु. से 5700 रु. तक, सरसों 4600 से 4750 रु. तक तथा मक्का 1800 रु. व कोदो 2600 रुपए प्रति क्विंटल तक गया है।

मंडी सचिव ने बताया कि दीपावली त्यौहार की तैयारी व कृषि कार्यों की भुगतान को लेकर किसान बड़ी मात्रा में अपनी उपज मंडी में लेकर आ रहे हैं। चूंकि मंडी में किसानों को धान के दाम अच्छे मिल रहे हैं, इसलिए किसान अपनी फसल कोचिया को औने-पौने में न देकर सीधे मंडी में बेच रहे हैं। उन्होंने दीपावली नजदीक आते ही धान की आवक बढ़ने की संभावना जताई है।

## अनमोल दावा

**जिंदगी एक खूबसूरत कविता है, जिसकी हर पंक्ति में एक नया अर्थ छिपा है। अपने जीवन की कविता को सुंदर बनाएं।**

# आबादी के असंतुलन से जूझता झारखंड, घुसपैठ के कारण खतरे में जनजाति समाज और मातृभाषा

आजादी के बाद 1951 से 2011 के बीच देश में मुस्लिम 4.31 प्रतिशत बढ़े लेकिन संताल परगना में ये 13.29 प्रतिशत बढ़े जो देश के किसी भी जिले से ज्यादा हैं। यहां हिंदू आबादी भी लगातार घटने पर है। 1961 की कुल जनसंख्या में हिंदू 79.59 प्रतिशत थे जो 2011 में घटकर 67.83 प्रतिशत रह गए। यह इसलिए हुआ क्योंकि जनजाति समाज जनगणना के समय हिंदुत्व को नकारने लगा।

झारखंड विधानसभा चुनावों के कारण चर्चा में है, लेकिन यह आबादी के असंतुलन के लिए भी चर्चा का विषय बनना चाहिए। बिहार, झारखंड और ओडिशा 1912 तक बंगाल प्रांत में ही शामिल थे। पहले बंगाल से बिहार, फिर बिहार से ओडिशा अलग होकर प्रांत बना। चूंकि झारखंड में जनजाति की संख्या प्रभावी थी, अतः एक अलग प्रांत बनाने की मांग हो रही थी। इस मांग को लेकर लंबा आंदोलन चला और अंततः वर्ष 2000 में वाजपेयी सरकार ने झारखंड को एक अलग राज्य बनाकर वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया। झारखंड समृद्ध खनिज भंडार वाला एक राज्य है। खनिज उत्पादन के मामले में यह तीसरे स्थान पर है। जमशेदपुर, बोकारो और रांची देश में बड़े औद्योगिक केंद्र के रुप में जाने जाते हैं। स्वाभाविक है कि झारखंड जब बिहार से अलग हुआ तो लालू प्रसाद यादव इसके पक्ष में नहीं थे।

आदिवासी अस्मिता के नाम पर अस्तित्व में आए इस राज्य के समक्ष अब एक नए संकट ने दस्तक दी है और वह है बढ़ती घुसपैठ। यदि यह सिलसिला कायम रहा तो मूल निवासी आदिवासी समाज हाशिए पर जाता रहेगा। दिसंबर 2022 में रांची उच्च न्यायालय में दायर एक जनहित याचिका में कहा गया था कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं। वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने इसे नकार दिया, जबकि मनमोहन सरकार ने जुलाई, 2004 में संसद में स्वीकारा कि 31 दिसंबर 2001 तक देश में 1.20 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए आ गए हैं, जिसमें से 50 लाख असम में हैं। सवाल यह है कि अगर 50 लाख असम में हैं तो फिर 70 लाख कहां थे? इस समय झारखंड में जो सरकार है, उसमें कांग्रेस भी शामिल है। अफसोस की बात है कि हेमंत सरकार ने घुसपैठ को न केवल नकारा, बल्कि न्यायालय में संताल परगना के उपायुक्तों को यह लिखकर दे दिया कि यहां घुसपैठिए नहीं हैं। संतान परगना में साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर, दुमका और जामताड़ा जैसे इलाके आते हैं।

आजादी के बाद 1951 से 2011 के बीच देश में मुस्लिम 4.31 प्रतिशत बढ़े, लेकिन संताल परगना में ये 13.29 प्रतिशत बढ़े, जो देश के किसी भी जिले से ज्यादा हैं। यहां हिंदू आबादी भी लगातार घटने पर है। झारखंड में 1961 की कुल जनसंख्या में हिंदू 79.59 प्रतिशत थे, जो 2011 में घटकर 67.83 प्रतिशत रह गए। यह इसलिए हुआ, क्योंकि जनजाति समाज जनगणना के समय हिंदुत्व को नकारने लगा। झारखंड में 1961 में जनजाति हिंदू आबादी 70.32 प्रतिशत थी, जो 2011 में घटकर 37.54 रह गई है। 2011 में देश में 'अन्य' की संख्या में 53.36 प्रतिशत केवल झारखंड से थे और उसमें भी 94.73 प्रतिशत जनजाति बंधु थे। बांग्लादेशी घुसपैठ के अलावा संताल परगना से जनजाति पलायन भी एक मुद्दा है। 1951 में संताल परगना में 44.66 प्रतिशत संख्या जनजातीय लोगों की थी, जो 2011 में घटकर 28.11 रह गई। यानी उनकी संख्या में 16.55 प्रतिशत की कमी आई। वोट बैंक के लालच में जनजाति पलायन को यह कहकर नकारा जा रहा है कि रोजगार के अभाव में जनजाति तबके पलायन कर रहे हैं।

सवाल उठता है कि वह कौन सी नौकरी है, जिसके लोभ में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ करके तो आ रहे हैं, पर उस काम को जनजाति बंधु करना नहीं चाहते? चूंकि संताल परगना का मामला उच्च न्यायालय में आ गया तो उस पर चर्चा हो रही है, लेकिन झारखंड के तमाम जनजातीय इलाकों में यह समस्या बहुत आम हो गई है। पुराना रांची जिला जो अब रांची, खुटी, सिमडेगा, गुमला तथा लोहरदगा जिला हो गया है और सिंहभूम जो अब पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिला है, वहां से भी जनजाति पलायन हुआ है। 1961 से 2011 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर जनजाति/आदिवासी समाज 1.83 प्रतिशत बढ़ा, पर झारखंड में यह समाज 7.72 प्रतिशत घटा। संताल परगना में यह समाज 44.66 से घटकर 28.11, पुराने रांची जिले में 60.48 प्रतिशत से घटकर 51.07 प्रतिशत यानी 10.53 प्रतिशत घटा है। पुराने सिंहभूम में 47.30 से घटकर 41.96 प्रतिशत हो गया है। ध्यान रहे ये आंकड़े 2011 के हैं। इस रुझान से अनुमान लगाया जाए तो अब रांची जिले में जनजाति समाज बहुसंख्यक से सिकुड़कर अल्पसंख्यक हो गया होगा।

मातृभाषा किसी समाज की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इसमें उस समाज का इतिहास भी छिपा रहता है। गीत-संगीत, कथा-कहानी के माध्यम से भावी पीढ़ी उससे जुड़ती है। आज झारखंड का जनजाति समाज और उसकी मातृभाषा भी खतरे में है। 1951 की जनगणना के समय संताल परगना में अपनी मातृभाषा संताली लिखवाने वाले 42.99 प्रतिशत थे, जो अब घटकर 25.13 प्रतिशत हो गए हैं। उसी जनगणना में रांची जिले में अपनी मातृभाषा मुंडारी लिखवाने वाले 22.08 प्रतिशत थे, जो अब घटकर 11.77 प्रतिशत रह गए हैं और उरांव लिखवाने वाले 19.60 से घटकर 12.90 प्रतिशत हो गए हैं। अपनी मातृभाषा बांग्ला लिखवाने वाले संताल परगना में 9.10 से ब?कर 16.10 प्रतिशत तो सिंहभूम में 20.77 से ब?कर 26.43 प्रतिशत हो गए। यह जांच का विषय है कि मातृभाषा बांग्ला लिखवाने वाले ये कौन लोग हैं? इस बीच मातृभाषा 'हो' लिखवाने वालों की संख्या भी घटी है।

# ब्रिक्स में मोदी और शी के साथ मिलकर पुतिन ने पश्चिमी देशों को दिया संदेश

**अंशुल सिंह**



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक तस्वीर पूरे ब्रिक्स समिट के दौरान चर्चा में रही. तस्वीर में पुतिन बीच में हैं और उनके अगल-बगल पीएम मोदी और शी जिनपिंग हैं. इस दौरान पुतिन कैमरे की तरफ़ मुस्कुराते हुए 'थम्स अप' का इशारा कर रहे हैं.पांच साल बाद ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग की मुलाक़ात हुई. दोनों नेता आखिरी बार साल 2019 में मिले थे तब शी जिनपिंग भारत के दौरे पर आए थे. ब्रिक्स जैसे मंच पर दो सबसे बड़े आबादी वाले देशों के नेताओं की मुलाक़ात हुई और रूस ने इसे दुनिया भर में अपनी रणनीतिक सफलता के रूप में दिखाने की कोशिश की. कज़ान में ब्रिक्स सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा था जब एक तरफ़ तो यूक्रेन में युद्ध हो रहा है और दूसरी तरफ़ व्यापार के क्षेत्र में रूस पश्चिमी देशों के दबदबे को चुनौती देने में लगा हुआ है.

स्तंभकार सुधींद्र कुलकर्णी ने रूस के कज़ान में हुई इस ब्रिक्स समिट को इतिहास की सबसे सफ़ल ब्रिक्स समिट बताया है और पुतिन को इसका हीरो.लेकिन कज़ान में 20 से अधिक नेताओं की मेजबानी करने वाले पुतिन क्या सच में ऐसे साबित हुए हैं? ब्रिक्स की स्थापना 2006 में ब्राज़ील, रूस, इंडिया और चीन ने की थी. साल 2011 में इस गुट में दक्षिण अफ़्रीका शामिल हुआ था.यह संगठन दुनिया की 44 फ़ीसदी जनसंख्या और एक तिहाई से अधिक अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है. अमेरिका समेत बाक़ी पश्चिमी देशों ने रूस के ख़िलाफ़ कड़े से कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं और इन देशों के साथ रूस के संबंध भी नाजुक दौर में हैं.बात इतनी आगे बढ़ चुकी है कि पिछले साल इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी आईसीसी ने यूक्रेन में कथित युद्धापराधों के मामले में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गिरफ़्तारी के लिए वारंट जारी कर दिया था.लेकिन इस गिरफ़्तारी वारंट के बावजूद पुतिन इसी साल सितंबर में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सदस्य देश मंगोलिया पहुंचे थे. वारंट जारी होने के बाद किसी भी सदस्य देश की उनकी यह पहली यात्रा थी. अगर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है तो आईसीसी सदस्यों से संदिग्धों को हिरासत में लेने की उम्मीद की जाती है लेकिन इसके लिए तय नियम नहीं हैं.ब्रिक्स में जो घोषणापत्र जारी किया गया है उसमें भी अप्रत्यक्ष तौर पर पश्चिम द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों का ज़िक्र है.घोषणापत्र के मुताबिक़, हम विश्व अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति पर अवैध प्रतिबंधों सहित ग़ैर-क़ानूनी एकतरफ़ा उपायों के बांटने वाले प्रभाव के बारे में गहराई से चिंतित हैं. ये संयुक्त राष्ट्र चार्टर, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, सतत विकास और पर्यावरण समझौतों को कमजोर करते हैं. वे आर्थिक विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं जिससे गरीबी और पर्यावरणीय चुनौतियाँ बढ़ती हैं.अजय पटनायक जेएनयू में स्कूल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज़ में प्रोफ़ेसर और रूस मामलों के जानकार हैं.अजय पटनायक कहते हैं, पश्चिम ने जो प्रतिबंध लगाए थे उन्हें कई देश पहले से ही नहीं मानते थे. हां, ब्रिक्स एक आधिकारिक मंच हैं जहां पर सभी देश इस मुद्दे पर रूस के साथ खड़े दिखे. मुझे लगता है कि पहले भी अलग-अलग तरीकों से कई देश रूस का समर्थन कर रहे थे.

ब्रिक्स में पुतिन ने डॉलर के बजाय स्थानीय करेंसी में लेन-देन पर ज़ोर दिया है और इसका ज़िक्र ब्रिक्स के घोषणापत्र में भी किया गया है.घोषणापत्र में लिखा गया, हम लोकल करेंसी में वित्तीय लेनदेन के निरंतर विस्तार में न्यू डेवेलपमेंट बैंक (पूर्व में ब्रिक्स बैंक) की इस पहल का समर्थन करते हैं. हम ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों को यह काम सौंपते हैं कि लोकल करेंसी में भुगतान संबंधी मामलों को महत्व दें और अगले साल वापस हमें रिपोर्ट करें.2014 में ब्रिक्स ने न्यू डेवलपमेंट बैंक को शुरू किया था जिसे विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का एक विकल्प बताया जाता रहा है.डॉलर को लेकर पुतिन ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में डॉलर अभी भी एक महत्वपूर्ण टूल है और इसको राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने से मुद्रा में विश्वास कम हो जाता है. हम डॉलर को अस्वीकार नहीं कर रहे हैं या उससे लड़ नहीं रहे हैं, लेकिन अगर वे हमें डॉलर के साथ काम नहीं करने देंगे तो हम अन्य विकल्प तलाशेंगे और हम बिल्कुल यही कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि रूस और चीन के बीच लगभग 95त्न व्यापार अब रूबल और युआन में होता है.लेकिन क्या इस रणनीति से पश्चिमी देशों का मुक़ाबला किया जा सकता है?स्वस्ति राव, अंतरराष्ट्रीय संबंधों की विशेषज्ञ हैं और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ़ डिफ़ेंस स्टडीज़ से जुड़ी हैं.स्वस्ति कहती हैं, दुनिया में बड़े देशों का एक समूह है जो रूस के पश्चिम के नहीं बल्कि अपने नज़रिए से देखता है. जब वो इस नज़रिए से देखता है तो उसे समझ में आता है कि एक ऐसी जगह भी है जहां न्यू डेवलपमेंट बैंक जैसी जगह है. कंटिंजेंट रिज़र्व अरेंजमेंट जैसी व्यवस्था है जिसके तहत विकासशील देशों को वित्तीय मदद देता है. ज़ाहिर हैं ऐसी चीज़ें अपील करती हैं लोगों को. अगर आप इस लिहाज़ से देखेंगे तो पाएंगे कि रूस अकेला नहीं है.हालांकि लेनदेन और लोकल करेंसी से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी गई है.स्वस्ति कहती हैं, लोकल करेंसी में व्यापार की जो बात है वो स्वागत योग्य है क्योंकि ये आपके आर्थिक संबंधों को सुरक्षित और स्थाई बनाती हैं. लेकिन भारत कभी ब्रिक्स करेंसी जैसी चीज़ का समर्थन नहीं करेगा क्योंकि असल में ये चीन के प्रभुत्व वाली करेंसी होगी. पश्चिमी देशों ने यह दिखाने की पूरी कोशिश की कि रूस अलग-थलग पड़ गया है और रूस ने ब्रिक्स के बहाने यह बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि पश्चिम को छोड़कर कई देश उनके साथ हैं. कज़ान में हिस्सा लेने के लिए तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन भी पहुंचे थे. अर्दोआन अपने पश्चिम के पारंपिक सहयोगियों से आगे बढ़कर ब्रिक्स देशों से नज़दीकी बनाने में जुटे हैं. पिछले कुछ समय से वो लगातार ब्रिक्स रूस, चीन और भारत वाले ब्लॉक ब्रिक्स में शामिल होने के लिए दिलचस्पी दिखा चुके हैं. ब्रिक्स ने तुर्की को पार्टनर देश का दर्ज़ा दिया है.इस साल अगस्त के महीने अर्दोआन के कहा था कि तुर्की सिर्फ़ पश्चिम के भरोसे नहीं रह सकता है.उनका कहना था, तुर्की सिर्फ़ पश्चिमी देशों के सहारे अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकता है. तुर्की तभी एक मज़बूत, समृद्ध और प्रभावशाली देश बन सकता है जब वो पश्चिम और पूर्व के साथ अपने संबंधों को एक साथ आगे बढ़ाए.पुतिन ने इस साल तुर्की को ब्रिक्स सम्मेलन के लिए न्योता भेजा और न्योते को स्वीकार करने से पहले सितंबर में अर्दोआन ने आधिकारिक रूप से ब्रिक्स में शामिल होने के लिए आवेदन किया था.तुर्की नेटो का सदस्य देश है. नेटो यानी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइज़ेशन. पुतिन नेटो का विरोध करते आए हैं और यही नेटो रूस-यूक्रेन युद्ध की प्रमुख वजहों में से एक है.तुर्की पहला ऐसा नेटो देश है, जो ब्रिक्स में शामिल होना चाहता है. तुर्की के इस क़दम के पश्चिम के साथ टकराव के रूप में देखा जा रहा है.अजय पटनायक इस बारे में कहते हैं, नेटो के सदस्यों पर काफी दबाव है कि रूस के साथ कोई डील न करें और न ही नज़दीकी बढ़ाएं. ऐसे में नेटो सदस्य तुर्की को ब्रिक्स के मंच तक लाना पुतिन के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है. हालांकि इससे पहले भी तुर्की और रूस के संबंध बेहतर हो रहे थे.

अभी तुर्की को यूरोप के अंदर उस तरह की स्वीकार्यता भी नहीं मिल रही है. तुर्की नाराज़ है क्योंकि यूरोपीय संघ के मेंबर कई साल से उसकी सदस्यता को टाल रहे हैं और उसने देखा कि भूराजनीति की दृष्टि से भी रूस के नज़दीक रहना उसके लिए फ़ायदेमंद है.जनवरी 2024 में मिस्र, ईरान, इथियोपिया और यूएई को ब्रिक्स का सदस्य बनाया गया. हालांकि सऊदी अरब को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन अभी हो नहीं पाया है.सऊदी को भी अगर ब्रिक्स देशों में शामिल कर लिया जाए तो यह संगठन दुनिया भर में कच्चे तेल का कुल 44 फ़ीसदी उत्पादन करता है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 299 : अयोध्या के दक्षिणी द्वार पर आकर श्री राम का प्रजा से वापस लौट जाने का अनुरोध

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कई स्थानों पर जनप्रवाह अधिक होने के कारण रथ की गति धीमी होती रही और लोग हाथ जोड़कर और अपने हाथों के इशारे से श्री राम को रोकने का प्रयत्न करते रहे। ''रुक जाइए श्री राम, मत जाइए, हम भी साथ चलेंगे'' जैसे अनेक वाक्यांश निरंतर गूंज रहे हैं।

रथ आगे बढ़ रहा है और अयोध्यावासी रथ का अनुसरण कर रहे हैं। जब नगर का दक्षिणी द्वार समीप आया तो श्री राम ने रथ को रुकवाया। उन्होंने अयोध्यावासियों से कहा, ''मेरे प्रियजन! यहां अयोध्या नगर की सीमा समाप्त हो रही है। अब मुझे पवित्र सरयू नदी के तटवर्ती क्षेत्र के साथ-साथ चलते हुए तमसा नदी की ओर प्रस्थान करना है। मार्ग निश्चित नहीं है। अतः आप लोग मेरा अनुसरण मत कीजिए और अपने- अपने घर लौट जाइए। एक बार मेरा मार्ग सुनिश्चित हो जाएगा तो आप सबको स्वतः ही ज्ञात हो जाएगा।''

श्री राम का रथ रुका,  
कही सबसे बातें मृदु मधुर,  
प्रभु ने किया इशारा,  
नगर की सीमा नहीं है दूर।  
मार्ग अनिश्चित है मेरा,  
संग न आओ तुम इस बार,  
लौट जाओ घर अपने,  
रखो हृदय में प्रेम अपार।  
जब पथ होगा सुनिश्चित मेरा,  
तब मिलेगा समाचार,  
सब तक पहुँचेगी बात यह,  
विदित होगा अवध संसार।

''हम आपका अनुसरण करना चाहते हैं श्री राम, चाहे मार्ग सुनिश्चित हो या अनिश्चित हो। हम आपके पथ में बाधक भी नहीं बनेंगे। केवल आपके साथ-साथ चलेंगे।'' एक नागरिक ने हाथ जोड़कर ऊंचे स्वर में कहा। सभी ने उसकी बात का अनुमोदन किया।

लक्ष्मण जी ने समझाया, ''श्रेष्ठजन! यह इतना सरल नहीं है। आप सबके दायित्व अयोध्या से बंधे हैं और आप इस तरह भैया राम का अनुसरण करते हुए राजाज्ञा का ही उल्लंघन कर रहे हैं।''

''जहां श्री राम हैं, वहां आज्ञा नहीं बल्कि स्वेच्छा है। कनिष्ठ राजकुमार आप कृपया हमें श्री राम के साथ-साथ चलने के प्रेम से वंचित न करें।'' एक अन्य नागरिक ने कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -219



## कहानी

# आनन्द की अनुभूति

**गिरीश बख्शी**



आज फिर निराश हुए सत्तू बाबू। वैसे उनका नाम तो है सत्यनारायण लाल श्रीवास्तव। उनका इतना बड़ा नाम लेकर पुकारते-पुकारते तो गाड़ी ही छूट जाएगी, इसीलिए वे अपने परिचितों के बीच हो गये है-सन्तू बाबू। वे तीन रोज पहले कलेक्टरेट आए थे। ऊपरी मंजिल की सीढ़ियाँ चढ़ते-चढ़ते सायटिका के कारण उन्हे बड़ा कपट होता। पैर चढ़ने से मना कर देते। वे मोड़ की सीढ़ी पर दीवाल के सहारे सुस्ताने, कुछ देर के लिए, चुप बैठ जाते। घड़घड़ाते हुए सीढ़ियाँ-उतरते-चढ़ते लोग उन्हे रहस्यमयी दृष्टी से देखते-''कहीं यह बूढ़ा पिया हुआ तो नहीं?' कोई परोपकारी सज्जन उनके पास आ कर बड़े आदर से पूछते-''बाबूजी! आपको नीचे जाना है कि ऊपर जाना है।' सत्तू बाबू सज्जन की आत्मीयता देख अपने पन की हँसी हँस पड़ते। कहते-'ऊपर' जाने में तो, लगता है अभी देर है भैया! हाँ! दूसरी मंजिल में जाना है।'' सज्जन अपना उपकारी हाथ बढ़ा कर सत्तू बाबू के हाथ पकड़ कर उन्हे उठाते हुए कहते-''चलिए मैं पहुँचा देता हूँ। आपको किससे मिलना है?'' सत्तू बाबू बताते-''बब्बू भैया, बाबूलाल से। वो मेरे चचेरे भाई का लड़का है। मेरा पेन्शन सम्बंधी काम है। तीन रोज पहले आया था उसने आज बुलाया है। मुझे आश्वस्त किया है भैया कि आज काम हो जाएगा।'' सज्जन के मुख पर व्यंग्यात्मक हँसी उभर आई बोले-''अच्छा वो-....... बाबूलाल आपका भतीजा है तो काम हो जाएगा। चलिए मैं उसके कमरे तक ले चलता हूँ।'' सत्तू बाबू अभिभूत हो गये- 'बड़ी कृपा है आपकी भैया। बूढ़ों को आप जैसे मददगार मिल जाए तो बूढ़े को बुढ़ापे में भी कोई तकलीफ नहीं होगी। बहुत-बहुत धन्यवाद भैया।''

उनका बब्बू भैया अपने कमरे में बैठा कुछ लिख रहा था। हड़बड़ा कर उठ खड़ा हुआ। तेजी से उनके पास आया-''पैर छूकर बोला-''आफ्फोह। मुझसे बड़ी भूल हो गई चाचाजी। मैं आपका काम आज नहीं हो पाएगा साहब तो बड़े साहब के साथ इन्स्पेक्शन में गांव निकल गये। अब आज तो आएंगे नहीं! कल भी, आएंगे या नहीं आएंगे कह नहीं सकते।

सत्तू बाबू धम्म से बेंच पर बैठ गये। बड़ा खराब लगा उन्हे बब्बू पर नहीं अपने दुर्भाग्य पर। क्यो ऐसे दुःखी जीवन बिताने के लिए जिता रहे हैं भगवान। मेरी उमर के प्रायः सभी लोग चले गये, मैं सिर्फ एक अकेला इस जगत में...। उन्होंने फिर बुझे स्वर में बाबूलाल से कहा- ''बब्बू! तुम तो मेरा काम अच्छी तरह समझ गये हो तो साहब के रहते, तुम उनसे खुद करा लेते।'' बाबूलाल ने सफाई दी- वो तो आप ठीक कहते है चाचाजी! पर साहब.....वो....क्या है न, खुद आपको मिलना चाहते हैं, बात करना चाहते हैं।''

सत्तू बाबू धीरे-धीरे उठे और सीढ़ियों की ओर चल पड़े। वे सोचने लगे-''ऐसई तीन दिन, दो दिन या फिर चार दिन बाद आने का किस्सा कई बार हो चुका है। सिर्फ समय व दिन बदले हैं। पता नहीं साहब से मुलाकात हो पाएगी या नहीं? उनके बूढ़े शरीर को कब तक यू ही कलेक्टरेट के चक्कर काटना पड़ेगा। बब्बू ने तो अपनी तरफ से बड़ी कोशिश की है पर ..... छोड़ो। चल रे सत्तू बाबू सामने के पान ठेले की बेंच पर कुछ देर बैठ कर तन को सुस्ता ले और विचलित मन को शान्त कर ले।''

पान ठेले वाले ने कहा-हाँ! हाँ!! आराम से बैठिए दादाजी! मैने अनेक बार आपको यहाँ आते-जाते देखा है। आपका ऐसा क्या काम है जो निपट नहीं पा रहा है।''

सत्तूबाबू सूखी हँसी हँस उठे-रिटायर्ड बूढ़े का काम क्या, एक पेन्शन तो है। वही अटका हुआ है। मेरा भतीजा है वहाँ आफिस में बाबूलाल, उसने कहा है...।'' पान ठेला वाला चौंक-सा गया-'अरे वह बाबूलाल बाबू? वह तो एक नम्बर का....खैर छोड़िए। आपके लिए पान बना दूं दादाजी!'' सत्तूबाबू ने कहा-'धन्यवाद भैया! जो आपने पान के लिए पूछा। हाँ! आप क्या कह रहे थे कि बाबूलाल एक नम्बर का?''

पान ठेले वाले ने कहा-'' आपका भतीजा है इसलिए बताया नहीं। दरअसल वह नम्बरी घूसखोर है। बिना पैसा लिए वह किसी का काम नहीं करता। पर आप से पैसा तो वह ले नहीं सकता तो आपको वह घुमा रहा है, आजकल-आजकल कह कह कर।'

एकदम चकित हो गये सत्तूबाबू-''घुमाने से उसे क्या मिलता है?'' पान ठेले वाले ने उन्हे समझाया-''कहा न दादाजी! मैंने कि जिससे पैसा नहीं मिलता उसे घुमाता हैं क्योंकि वह खुद दो बीड़ा पान एक साथ खाते-खाते मुझे बताता है-''चैतू भैया! ऐसे लोगों को बार-बार घुमाने से मुझे आनन्द की अनुभूति होती है जो मुझे तुम्हारे पान खाने से भी नहीं होती।'' फिर वो आँख मार कर कहता है-''समझे चैतूराम।''

## (कंथली)

# सुवच्छता म लक्ष्मी रहिथे

सास्तर म देबी लक्ष्मी के एक झन अऊ बहिनी बताए गेहे। जेन ल अलछमी कहे जाथे। एखर दूसर नाव दलिद्री हरे। सतयुग म जब मैं समुदर ल देवता अउ दानव मन मथीन तब अलछमी ह परगट होईस। जेन ल चऊदा रतन म नई गिने गइस। बिदमान म बताथे, उही ल करूणी देबी घलो कथे। करूणी माने मदिरा, जेन ल दैत्य अउ दानव मन गरहन करिन। अलछमी ह जब निकलिस त,, ओखर बिहाव ल उद्दालक मुनि संग करा दिन। उद्दालक मुनि ह वोला लेके घर के अपन कुटिया म गिस, तब अलछमी ह भीतर जाय ले मना कर दिस। जब मुनि ह कारन पुछिस तब किहिस। मै हर अईसन ठऊर म रहिथो, जिहा गदंगी रहिथे, जिहा लड़ई -झगरा होथे। जिहा मनखे मन मईलाय कपड़ा कुरता पहिनथे। जेन घर के मनखे मन अधरम अऊ गलत रद्दा में चलथे अउ काम बूता ल करथे। जिहा साफ सुथरा नई राहय। उहां मै हर रहिथंव। अऊ जेन घर म साफ -सफाई रहिथे,, जेन घर के मनखे मन बड़े बिहनियां ले उठ जाथे। पूजा पाठ करथे, जेन घर म सुनता रहिथे, साफ सुथरा पहिनथे ओढ़थे, वईसन घर म, गांव म, शहर म अऊ पवित्र ठऊर म तो मोर नान्हे बहिनी लछमी ह रहिथे। तभे तो देवारी के पहिली घर के ओनहा-कोनहा ल साफ- सुथरा करके, लिपई- पोतई करे जाथे। साफ- सफई ह सेहत बर घलो बने होथे उंहे गंदगी म नाना किसम के रोग -राई आय के डर घलो रहिथे। तो,, संगी हो,, जेकर घर- दूर साफ,, तेखर मन ह घलो साफ,,। तभे तो तईहा के सियान मन केहे हे-



उठत अंगना बटोर के, बुड़त दिया जहा होथे।  
वो घर सुघ्घर लछमी, जिंहा  
रामचन्द्र पगु देथे।।

**आनंदराम साहू (सार्वा)**  
**कु.बो.भाठागांव**

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि रहने से आपकी सोच सकारात्मक और संतुलित रहेगी। आज अपनी हर योजना गुप्त रखें, नहीं तो कोई आपकी योजनाओं का फायदा उठा सकता है। आज दूसरों के निजी मामलों से खुद को दूर रखें।



**वृषभ**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।



**कर्क**

आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऱॉकरी का बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे, जिससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में किसी भी बाहरी व्यक्ति से बातचीत करते समय धैर्य और संयम बनाकर रखने की आवश्यकता है। आज समय का उचित सदुपयोग करेंगे। घर और व्यवसाय दोनों जगह सोच-समझकर निर्णय लेना व्यवस्था को उचित बनाकर रखेगा।



**कन्या**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ होगी। घर से निकलते समय घर के बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकले जिससे आपका दिन अच्छा और खुशहाली भरा रहेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपको कुछ बाहरी ऑर्डर मिलेंगे, जिस पर एकाग्र चित्त होकर काम करेंगे। आज अगर प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त संबंधी गतिविधि चल रही है, तो काम पूरा हो सकता है। पारिवारिक और व्यवसायिक समस्याओं को सुलझाने में आपका विशेष योगदान रहेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज आपका जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज चुनौतियों को स्वीकार करना आपके लिए सफलता के मार्ग खोलेगा। आज घर में बच्चों पर ज्यादा अंकुश लगाना और गुस्सा करना अच्छा नहीं है। इसलिए बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें। पुराने नकारात्मक मुद्दे ना उठाकर वर्तमान गतिविधियों पर ही कार्य करें तो उचित रहेगा।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह के गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी। अपने जनसंपर्क को और अधिक मजबूत करें, इनके द्वारा आपको चमत्कारिक रूप से लक्ष्य की प्राप्ति भी होगी। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें क्योंकि कभी-कभी आपका स्वभाव आपके लिए ही परेशानियां उत्पन्न कर देता है।



**कुंभ**

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अपनी व्यवसायिक कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाने की जरूरत है। आज आपको रुका हुआ पैसा मिल सकता है। इस समय विरोधाभासी प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें। कोई लाभदायक व्यवसायिक यात्रा भी हो सकती है। आज पैतृक संपत्ति या वसीयत से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं।

# विकासखंड डोंगरगढ़ में जिला शिक्षा अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ में दिनांक 23 अटूबर को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की आवश्यक तैयारी एवं बेहतर शाला संचालन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल की अध्यक्षता एवं समग्र शिक्षा जिला समन्वयक सतीश योहारे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अंसारी एवं मनोज मरकाम की विशेष उपस्थिति में डोंगरगढ़ विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली गई।



जिसमें उनके द्वारा संभवतः 3 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा परख एनएएस नेशनल अचीवमेंट सर्वे के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए गए।

साथ ही उन्होंने प्रतिदिन अंतिम कालखंड में इसका नियमित अभ्यास एवं प्रत्येक शनिवार को ओ.एम.आर.शीट एवं दिए गए डेमो प्रश्न पत्र के माध्यम से एवं शाला स्तर, संकुल स्तर पर प्रश्न बैंक तैयार कर माक टेस्ट लेने हेतु निर्देशित किया एवं उनके द्वारा कक्षा 8वीं के बच्चों हेतु नेशनल मेन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप की तैयारी हेतु भी विशेष जोर दिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चे बेहतर प्रदर्शन तभी कर पाएंगे जब उनका नियमित अभ्यास हुए होंगे। उक्त राष्ट्रीय सर्वेक्षण में कक्षा 3, 6 एवं 9 के बच्चे सम्मिलित होंगे। सहायक परियोजना अधिकारी मनोज मरकाम ने पूर्व में हुए सर्वे से लेकर परख सर्वे से संबंधित प्रत्येक छोटे से छोटे पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए। समग्र शिक्षा जिला समन्वयक सतीश ब्योहारे ने बेहतर शाला संचालन एवं नियमित शाला निरीक्षण के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए।

**राष्ट्रीय सर्वेक्षण में कक्षा 3, 6 एवं 9 के बच्चे सम्मिलित होंगे**

अंत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दीपावली अवकाश के पश्चात् परख सर्वे हेतु मिशन मोड में कार्य करने की हिदायद भी दी गई। उक्त बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती वीरेंद्र कौर गरचा एवं विकास खंड स्रोत समन्वयक इनायत अली द्वारा यु-डाइस अंतर्गत समस्त प्रविष्टियां पूर्ण करने वीरगाथा पंजीयन एवं पाक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

# रामपुर मिडिल स्कूल में पालकों से परिचर्चा पर हुई कार्यशाला



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम रामपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 26 अक्टूबर दिन शनिवार को बालकों के सर्वांगीण विकास में पालकों की जिम्मेदारी एवं भागीदारी परिचर्चा पर कार्यशाला युनिसेफ के राज्य समन्वयक सरवत नकवी के मार्गदर्शन आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि बालक स्कूल में मात्र छः घंटे रहता है जबकि बालक अठ्ठारह घंटे घर पर परिवार के साथ रहता है। उस समय स्कूल की सम्पूर्ण क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बालक को पुछना चाहिए कि आज आपने स्कूल में क्या सिखा। जिससे बालक को दिन भर की गतिविधियों की जानकारी याद आ जायेगी और उसे पढ़ने लिखने और समझने में आसानी होगी। साथ ही बच्चे को पढ़ने का स्थान जिसमें पढ़ाई का कोना कहा जाता है बालक के लिए चयन करना जो पढ़ने लिखने के लिए उपयुक्त स्थान रहे जिसमें पर्याप्त लाईट और किसी का आना-जाना न हो तथा पढ़ने लिखने के लिए यथासंभव टेबल कुर्सी की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि बालक उत्सुकता से समय पर घर पर पढ़ने लिखने के लिए तैयार हो।

कार्यशाला की परिचर्चा में उपस्थित सभी पालकों ने हिस्सा लिया और कहा की हम अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास में भागीदारी निभाएंगे और उनकी मदद करेंगे।

सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू ने सभी पालकों को संकल्प दिलाया की बालकों के सर्वांगीण विकास में भागीदार बनेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि मनीष साहू जनपद सदस्य, अध्यक्ष रत्ना बोरकर सरपंच, विशिष्ट अतिथि पूनाराम यादव प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल जंगलपुर, सनत साकरे संकुल समन्वयक, किशोर यादव पूर्व सरपंच, रुपचंद साहू, नारायण साहू, पंकज सोलंकी, गौरी रामटेके, समारिन निर्मलकर, श्रीमती तीजन सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, मितानिन बहने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला रामपुर के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाए उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधान प्रधान पाठक एम.डी. वाल्दे जी ने किया।

## पहला कॉलम...

### प्राचार्य विनोद कुमार मण्लोई को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव से पुरूस्कार मिला



बांधाबाजार (दावा)। विकास खण्ड छुरिया के अन्तर्गत गैंदाटोला हायर सेकेंडरी के प्राचार्य श्री मान विनोद कुमार मण्लोई जी को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव संस्करण दुर्ग के द्वारा उत्कृष्ट प्राचार्य को सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया गया, संकुल गैंदाटोला में मण्लोई सहज सरल, सीधे सादे और समय के प्रति समर्पित होकर अपने शाला व स्टाप के साथ मिलकर बहुत ही अच्छे, तालमेल बिठाकर सभी शिक्षक और बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, वहां के बच्चे शालेय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हमेशा आगे रहते हैं और शाला के वातावरण को बहुत सुसज्जित कर रखे हुए हैं।

आज पुरूस्कार सम्मान समारोह प्राप्त होने स्टाप, संकुल के सभी प्रधान पाठकों, संकुल समन्वयक टोमनलाल साहू, अखिलेश खरे पी.टी.आई. ब्रम्हानंद देवांगन, श्रवण कुमार भावरे, कन्हैयालाल साहू, दीनदयाल कवंर, संतोष कुमार कवंर, मुकेन्द्र सिंह, भंडारी, तिलकराम यदू, श्रीमती उर्मिला मेश्राम, श्रीमती अल्पना भालाधरे, प्रेणासाय, सुखदेव साहू, हलधर चन्द्रवंशी, शुभम भट्ट, अजय सोनपीपरे, मुकेश कुमार यादव, जयकिशन सिरदार, तोषन कुमार ठाकुर आदि शिक्षकों बधाई शुभकामनाएं दिए।

### आज बेलगांव में गोस्वामी समाज के भवन का लोकार्पण

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह एवं गोस्वामी समाज का नवीन भवन का लोकार्पण आज डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू एवं डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की गरिमामय उपस्थित में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में विशिष्ट स्थिति के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष भावेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, जनपद सदस्य त्रिवेणी राजू वर्मा सरपंच छबील साहू उप सरपंच रूपाबाई कंवर, चुंबन दास साहू धर्मचंद वर्मा, नेतराम साहू ने दी, नीतू प्रकाश, गुलाब गोस्वामी, खिलावन गिरी गोस्वामी, इंद्रजीत गोस्वामी, कौशल गीत गोस्वामी, डूमर कमर ग्राम प्रमुख एवं प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### विष्णुपुर में धनतेरस पर लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाचा



डोंगरगढ़(दावा)। गौरा गौरी गणेशोत्सव समिति के सफलतम 15 वें वर्ष व धनतेरस के उपलक्ष्य में 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को गणेशोत्सव समिति व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाचा 'मां के ममता' ग्राम चिखली (बांधा बाज़ार) जिला-मोहला मानपुर वालों का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अध्यक्ष भागवत वर्मा द्वारा उक्त जानकारी प्रदान करते हुए क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपिल की है।

### बच्चों का मुँह मिठाकर व दीप जलाकर दिवाली की दी बधाई



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव संकुल मनेरी में 26 अक्टूबर शनिवार को बैग लेस डे पर बच्चों का मुँह मीठाकर एवं दीप जलाकर दीपावली का बधाई दिया गया। बच्चों को दीपावली पर्व का महत्व बतलाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आर. एन. श्रीवास, शिक्षक किशन देशमुख, गैंदलाल डहरे, माधव साहू, टीलेश्वर साहू, अमरनाथ आदि उपस्थित रहे।

# विशेष बैठक में कांग्रेसजनों ने दीपावली मिलन समारोह मनाया गया



**विधायक श्रीमती बघेल ने कार्यकर्ताओं को दी अग्रिम शुभकामनाएं**

डोंगरगढ़(दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल अपने निज निवास ग्राम अछोली में डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ आगामी पंचायत चुनाव पर विशेष बैठक कर दीपावली मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर उपस्थित महिला पदाधिकारी वरिष्ठ जन जोन प्रभारी सेक्टर प्रभारी बूथ अध्यक्ष बूथ के कार्यकर्ताओं को मिठाई भेंटकर सम्मान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती बघेल ने कहा की कांग्रेस कार्यकर्ता और आम जनता के सहयोग से मैं विधायक बनी हूं। आप सभी का सम्मान बना रहे ये मैं हमेशा प्रयास करूंगी।

इस अवसर पर डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, राजू राजपूत, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, गोकरण कोसले, पंचराम चंदेल, सेक्टर प्रभारी लालाराम वर्मा, सामसाय टांडेकर, दिनेतु प्रकाश जांगड़े, योधन दास साहू, पल्टू लहरे, फतु वर्मा, युवराज चंद्रवंशी, नंदू वर्मा, रामकुमार वर्मा, मुनेश वर्मा, विमल पैकरा, सुरेश कुमार देवदास, कीर्तन मंडावी, पुरषोत्तम चेलक, राजेंद्र वर्मा, बलदेव वर्मा, श्यामू साहू, रामकुमार वर्मा, राजेंद्र श्रीवास्तव, त्रिवेणी वर्मा, दीपक वर्मा, रूपेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, पारस कदम, मेश्राम ठाकुर, पोमेश वर्मा, राजेश मंडावी, पुरुषोत्तम चेलक, पहलाद कंवर, विक्रम साहू, मोरध्वज वर्मा, रंजीत भारती, गौतम वर्मा, गौकरण वर्मा, तारण गायकवाड, टुमेश नेताम, मूलचंद साहू, लिखन कुंजाम, ज्योति मेश्राम, राजकुमारी, हरकराम पटेल, घनश्याम साहू, रामकुमार, ईश्वर साहू, प्रीतम साहू, रतनू दास जोशी, देवा लहरे रतनू दास जोशी, राजा जोशी, भजनू चंदेल, सतानंद कंवर, टुम्मन लाल साहू एवं भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ लेने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग से कर सकते है संपर्क

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के हितग्राही परिवार की प्रथम 2 कन्याओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना अंतर्गत विवाह में प्रति कन्या 50 हजार रूपए व्यय करने का प्रावधान है। योजना के नवीन प्रावधानों के अनुसार 35 हजार रूपए ड्रॉफ्ट व बैंक खाते के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा। विवाह आयोजन पर प्रति जोड़ा 8 हजार रूपए एवं वर-वधु के कपड़े व अन्य सामग्री के लिए प्रति जोड़ा 7 हजार रूपए के मान से राशि व्यय करने का प्रावधान है।

# विद्यार्थियों को कराया गया चंद्रगिरि हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के गृह विज्ञान विभाग के छात्र छात्राओं को सत्र 2024-25 शैक्षणिक भ्रमण गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई वी रेवती के निर्देशन एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में गृहविज्ञान विभाग के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं को प्रायोगिक कार्य तथा शैक्षणिक भ्रमण हेतु चंद्रगिरी हथकरघा उद्योग प्रशिक्षण एव रोजगार केंद्र का भ्रमण कराया गया।

चंद्रगिरी ट्रस्ट द्वारा संचालित हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र की नेहा जैन द्वारा पूरे वस्त्र निर्माण सेंटर का परिचय कराते हुए भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान केंद्र के विभिन्न भागों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण पश्चात सपना दीदी, सुभी दीदी, नेहा जैन दीदी द्वारा थ्योरी भी बतायी गई। ज्योति दीदी द्वारा आरीवर्क, जरदोगी, हस्तशिल्प सेंटर भी विजिट करवाए। साथ ही साथ आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल के भी दर्शन कराए। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 80 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# कृषि महाविद्यालय सुरगी के कृषक सूचना केन्द्र धमनसरा का हुआ शुभारंभ



सुरगी (दावा)। प.शिव कुमार शास्त्री कृषि महविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सुरगी द्वारा 25 अक्टूबर को अधिष्ठाता डॉ.जयालक्ष्मी गांगुली के मार्गदर्शन एवं ग्राम धामनसरा के सरपंच लोकेश गंगवीर, उपसरपंच कृतलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव, प्रगतिशील कृषक रामचन्द्र चंद्राकर एवं महाविद्यालय के अध्यापक डॉ. विनम्रता जैन, डॉ.एल.के. रामटेके, डॉ.नितिन तुर्रे, सह. प्रधायपक डॉ. मनोज चंद्राकर, डॉ अभय बिसेन, डॉ.महेन्द्र देशमुख, डॉ.द्विवेदी प्रसाद डॉ. डिकेश्वर निषाद, डॉ.पूजा साहू की उपस्थिति में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत कृषक सूचना केंद्र का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम रावे समन्वय डॉ. शिवाजी लिमजे ने रावे कार्यक्रम की रूपरेखा बताई साथ ही महाविधालय की अधिष्ठाता डॉ.जयालक्ष्मी गांगुली ने रावे के विद्यार्थियों को धामनसरा के कृषकों से कृषि कार्य सीखने एवं उनके अनुभव का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया एवं कृषकों को विद्यार्थियों द्वारा आवश्यकता अनुसार नवीन तकनीकी जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया। कार्यकम के विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य श्री योगेंद्र ने विद्यार्थियों द्वारा नवीन कृषि तकनीकी प्रदान की जाने की प्रशंसा की तथा महाविद्यालय का तकनीकी सहयोग कृषकों को हमेशा प्राप्त हो ऐसा आग्रह अधिष्ठाता से किया। ग्राम सरपंच लोकेश गंगवीर ने कृषकों से आधुनिकी कृषि एवं उद्यानिकी तकनीक महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से प्राप्त करने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में ग्राम धामनसरा के बड़ी संख्या मे वरिष्ठ कृषक एवं स्व-सहायता समूह की महिलायें एवं गणमान्य नागरिक तथा महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के 80 विद्यार्थी शामिल हुए।

# प्रांत स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्य. विद्यालय डोंगरगढ़ के छात्रों ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजीम में आयोजित प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें एकल अभिनय में प्रथम स्थान बहन निष्ठा बसेंने, चित्रकला में द्वितीय स्थान भैया शिवम सिन्हा, एकल गीत में द्वितीय स्थान बहन दिव्य किरण सिन्हा, वंदे मातरम गायन में द्वितीय स्थान बहन विद्यावर्मा, अंजू सिन्हा और भूमिका नेवारे रहे इसी प्रकार गीता पाठ में तृतीय स्थान पर वंशिका समुद्र रहे। इन इस उपलब्धि पर स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पूरा विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**बहन निष्ठा बसेंने ने एकल अभिनय में प्रथम स्थान प्राप्त किया**

विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सचिव, नीलम चोपड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर, कोषाअध्यक्ष प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल सुरेश सोनी गोपाल खेमुका प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने इन भैया बहनों को बधाई दिए हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सीएससी सेंटर प्रारंभ होने से ग्रामीण किसानों को अब मिलेगी 35 प्रकार की अन्य सुविधाएं - सचिन बघेल

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव सोसाइटी में संलग्न सीएससी सेंटर का शुभारंभ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने किया। इसके पूर्व सहकारीता नेताओं द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र की पूजा अर्चना की गई। सीएससी सेंटर खुलने से किसानों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। सीएससी सेंटर से बी वन, नक्शा, खसरा, फोटोकापी सहित अन्य सुविधायें किसानों को मिलेगी। जिसके के लिए किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

**योजना की पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई थी**



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के बेलगांव पहुंचने पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि योजना की पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कि गई थी। ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो उन्हें ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके। श्री बघेल ने आगे कहा कि, सीएससी सेंटर खुलने से किसानों को पैंतीस प्रकार की अन्य सुविधा सीएससी सेंटर से मिलेगी, इससे कृषक माइक्रो एटीएम के माध्यम से बीस हजार रूपये तक की राशि आहरण यही से कर सकते हैं। पहले इसके लिए बैंक में लाइन लगाकर घंटों इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने पानी के गिरते भूजल स्तर पर ध्यान आकर्षित करते हुए लोगों से रबी में धान की फसल न लेकर अन्य दलहन, तिलहन फसल लेने पर जोर दिया ताकि आने वाले समय के लिए पानी की बचत की जा सकें। श्री बघेल ने धान खरीदी के संबंध में भी किसानों से अपील की है कि राज्य सरकार 21 क्विंटल धान की खरीदी इकतीस सौ रूपये में कर रही है। भाजपा ने हमेशा किसानों के हित व विकास को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। किसानों को उचित सलाह देते हुए श्री बघेल ने कहा कि, जब सरकार इकतीस क्विटल धान की खरीदी कर रही है तो आप अपनी उपज का वास्तविक धान समिति के माध्यम से ही बेचें ना कि आप अन्य किसानों या कोचियों का धान अपने नाम से बेचें। उन्होंने अनावारी रिपोर्ट अनुसार धान खरीदी होने के भी संकेत दिये।

ग्राम बेलगांव पहुंचे सहकारिता नेताओं के समक्ष ग्राम पंचायत के सरपंच छबिलराम साहू ने सोसायटी की समस्या से अवगत कराते हुए मांग रखी कि बेलगांव का खाद गोदाम जर्जर है एवं बारिश के दिनों में पानी टपकता है। यहां खाद्यान्न दुकान का भवन न होने से राशन दुकान का संचालन मंच में किया जा रहा है, इसलिए यहां खाद गोदाम एवं खाद्यान्न दुकान हेतु नवीन भवन की स्वीकृति होना आवश्यक है। श्री बघेल ने मंडी बोर्ड के माध्यम से भवन की स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर रमेश पटेल जिला अध्यक्ष भाजपा, अमित छाबड़ा नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका डोंगरगढ़, भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष धरमचंद वर्मा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डोंगरगढ़ के शाखा प्रबंधक योगेन्द्र कुमार शर्मा, नगर शाखा के शाखा प्रबंधक दुर्गाराम नागपुरे, बेलगांव सोसायटी प्रबंधक घनाराम चंद्रवंशी के अलावा मुसराकला सोसायटी के प्रबंधक गणेशराम वर्मा, मुसरा सोसायटी के कर्मचारी रामकुमार साहू, दीपक गोस्वामी तथा बेलगांव सोसायटी के कर्मचारी नरेन्द्र वर्मा, द्वारकादास मानिकपुरी, महेश यादव एवं अन्य कर्मचारी के अलावा बेलगांव सोसायटी के पूर्व प्रबंधक ऐतराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान गण उपस्थित रहे।

# शिक्षक हड़ताल में जाने ज्ञापन सौंपा

बांधाबाजार (दावा)। छ.ग. शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी एल, बी संवर्ग सभी वर्ग के शिक्षक एकजूट होकर 24 अक्टूबर को जिला कार्यालय के कलेक्टर गार्डन के पास ओवरब्रिज के नीचे धरना देने का निर्णय प्रांतीय संयोजकों ने निर्णय लिया गया है। अपने लंबित मांगों के लिए 5 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जावेगा। जैसे - शिक्षक मोदी की गारंटी के तहत वेतन विसंगति को दूर करने, समतुल्य वेतनमान, पूर्व सेवा अवधि कि गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारण करने, सभी एल, बी संवर्ग शिक्षकों को क्रमोन्नत समयमान वेतन, केन्द्र के समान महंगाई भत्ता का एरियश देने के मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशांत कुमार चितर्वकर जिला बैठक में उपस्थित होने के कारण बड़े बाबू के.डी साहू को ज्ञापन सौंपा गया। जिसको सफल बनावें छुरिया विकास खण्ड के सभी एलबी संवर्ग के शिक्षक जनपद पंचायत प्रांगण छुरिया में एकत्रित हो सामूहिक रुप से निर्णय लेकर हड़ताल में रहने का निर्णय लिया गया है।

जिसमें छुरिया विकासखण्ड के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा हड़ताल में जाने से स्कूल पूरा तरह प्रभावित होगा, बंद रहेगा। आज ज्ञापन सौंपने प्रमुख रूप से कीरत कुमार गणवीर, दिनेश कुरेटी, राकेश कुमार खोब्रागढे, चेतन प्रसाद दुबे, उमाशंकर साहू, लूनकरण साहू, सतीश कुमार लहरें, अश्वनी कुमार साहू, गौकरण सिन्हा, दीपक कुंभकार, गजेन्द्र साहू, श्रीमती रीना जगनीत आदि शिक्षक उपस्थित हुए।

# पहला कॉलम...

## नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस की मुश्किलें बढ़ीं, 6 महीने के लिए बढ़ाई सजा



दुबई। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उन्हें एक बार ईरान के अधिकारियों ने 6 महीने की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई है। मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस के लिए अभियान चलाने वाले एक समूह फ्री नगरिस अलाएंस का एक बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मोहम्मदी को 19 अक्टूबर को आदेशों की अवहेलना और विरोध करने के आरोप में 6 महीने की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई गई थी। संगठन के मुताबिक, नरगिस की तरफ से 6 अगस्त को एविन जेल के महिला वार्ड में एक अन्य राजनीतिक कैदी की फांसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया था, उसके बाद ये आरोप लगाया गया था। नरगिस मोहम्मदी नरगिस नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला हैं और 2003 में मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी के बाद वो दूसरी ईरानी महिला हैं। नरगिस ने ईरानी अधिकारियों की तरफ से सलाखों और गिरफ्तारियों के पीछे सालों रहने के बावजूद अपनी सक्रियता जारी रखी है। फिलहाल उन्हें ईरान की एविन जेल में रखा जा रहा है। बता दें कि इस जेल में राजनीतिक कैदी और पश्चिमी देशों से संबंध रखने वाले लोग रहते हैं, इसमें वो पहले से ही 30 महीने की सजा काट रही थीं, जिसमें जनवरी के 15 और महीने जोड़े गए थे।

## अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को भेजा गया वापस



वाशिंगटन: अमेरिका ने देश में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया है। अमेरिका ने इसके लिए भारत सरकार से सहयोग लिया। इसके बाद किराये पर लिये गए एक विशेष विमान के जरिये सभी अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजा। अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया। विभाग ने शुक्रवार को बताया कि यह विमान 22 अक्टूबर को भारत भेजा गया । कार्यवाहक गृह सुरक्षा उप मंत्री क्रिस्टी ए.कैनेगैलो ने कहा, च्जिन भारतीय नागरिकों के पास अमेरिका में रहने का कोई कानूनी आधार नहीं है, उन्हें तुरंत वापस भेजा जा सकता है। बयान में कहा गया है कि गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अमेरिकी आव्रजन कानूनों को लागू करना जारी रखेगा तथा अवैध रूप से प्रवेश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा तथा वैध मार्गों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा।अमेरिकी गृह विभाग की ओर से कहा गया है कि डीएचएस ने वित्त वर्ष 2024 में 1,60,000 से अधिक व्यक्तियों को वापस भेजा तथा भारत सहित 145 से अधिक देशों के लिए 495 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रत्यर्पण उड़ानें संचालित कीं। डीएचएस ने पिछले वर्ष दुनिया भर के कई देशों से लोगों को निकाला है जिनमें कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू, मिस्र, मॉरिटानिया, सेनेगल, उज्बेकिस्तान, चीन और भारत शामिल हैं। (भाषा)

## गुजरात के राजकोट में 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

राजकोट । गुजरात के राजकोट में 5 स्टार होटल समेत 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है. त्योहार के मौके पर इस तरह के धमकी भरे ईमेल से हड़कंप मच गया है. राजकोट पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह ईमेल किसने भेजा है. फ्लाइट्स और स्कूल-कॉलेजों के बाद अब होटलों को बम की धमकी मिली है. दरअसल, जिन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है उनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजन होटल और होटल ग्रैंड रीजेंसी शामिल हैं. सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता और राजकोट पुलिस मौके पर पहुंच गई और होटल में जांच अभियान शुरू कर दिया है. त्योहार के मौके पर इस तरह के धमकी भरे ईमेल से हड़कंप मच गया है. बता दें कि 25 अक्टूबर को ही तिरुपति के कई होटलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे. इन ईमेल में कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के सरगना जाफर सादिक के नाम का जिक्र है, जिसे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ईडी ने गिरफ्तार किया था. धमकियों के जवाब में, पुलिसकर्मियों और खोजी कुत्तों ने होटलों में गहन तलाशी ली, जिससे यह की गई कि यह धमकी एक अफवाह थी. पुलिस अब इन धमकियों के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच कर रही है.

# रोहित की कप्तानी में शर्मसार टीम इंडिया, न्यूजीलैंड ने जीती सीरीज



पुणे में पलट गया 69 साल का इतिहास

नई दिल्ली। पुणे के मैदान पर न्यूजीलैंड ने 69 साल का इतिहास पलट डाला है। सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने के साथ ही कीवी टीम ने भारत की सरजमीं पर पहली टेस्ट सीरीज जीत ली है। बेंगलुरु में जोरदार प्रदर्शन के बाद पुणे में भी न्यूजीलैंड टीम ने जबरदस्त खेल दिखाया। टीम इंडिया का बैटिंग ऑर्डर दूसरी पारी में भी ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत जैसे धाकड़ बल्लेबाज भारतीय टीम की लाज नहीं बचा सके। मिचेल सैंटनर की घूमती गेंदों ने इंडियन बैटर्स के सिर चकरा दिए और दिग्गजों से सजे बैटिंग ऑर्डर ने आसानी से घुटने टेक दिए। इससे पहले बेंगलुरु टेस्ट में न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से मैदान मारा था। टीम इंडिया ने अपनी धरती पर 12 साल बाद कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है।

दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रन से हराते हुए इतिहास रच डाला है। पुणे में मिली जीत के साथ ही कीवी टीम ने भारत की सरजमीं पर पहली टेस्ट सीरीज को अपने नाम कर लिया है। पहली इनिंग में फ्लॉप होने के बाद दूसरी पारी में भी भारतीय बैटर्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम सिर्फ 245 रन बनाकर ढेर हो गई। रोहित शर्मा सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हुए, तो विराट कोहली के बल्ले से महज 17 रन निकले।

वॉशिंगटन सुंदर ने 21 रन का योगदान दिया। वहीं, ऋषभ पंत अपना खाता तक नहीं खोल सके। रविंद्र जडेजा ने 42 रन जरूर बनाए, लेकिन वह टीम की हार को नहीं टाल सके। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने दूसरा पारी में भी कहर बरपाते हुए छह भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर 19 टेस्ट सीरीज खेली थी, जिसमें से टीम को 18 में जीत मिली थी, जबकि सिर्फ एक सीरीज ड्रॉ रही थी। हालांकि, घर में टीम इंडिया की बादशाहत अब खत्म हो गई है। पिछले 12 साल में भारतीय टीम को पहली बार अपने सरजमीं पर किसी टीम के हाथों टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी है। साल 2012 में इंग्लैंड ने आखिरी बार भारत को घर में पटखनी दी थी।

## यशस्वी जायसवाल के बल्ले से टूटा 45 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पुणे के मैदान पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा, जिसके तीसरे दिन के खेल में कीवी टीम अपनी दूसरी पारी में 255 रन बनाकर सिमट गई। टीम इंडिया को इस मैच में जीत हासिल करने के लिए चौथी पारी में 359 रनों का टारगेट मिला है। भारतीय टीम के ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तीसरे दिन के खेल में बल्ले से बड़ा कमाल करने में कामयाब हुए जिसमें उन्होंने 77 रनों की अपनी पारी में भारत के लिए घर पर एक साल में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जिसमें यशस्वी ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया।



टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के लिए घर पर एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड जहां अब यशस्वी जायसवाल के नाम पर है तो वहीं इससे पहले ये रिकॉर्ड गुंडप्पा विश्वनाथ के नाम पर था जिन्होंने साल 1979 में घर पर 13 टेस्ट मैचों में खेलते हुए 61.58 के औसत से कुल 1048 रन बनाए थे, तो वहीं यशस्वी जायसवाल ने उन्हें पीछे छोड़ने के साथ साल 2024 में अब तक घर पर खेले गए टेस्ट मैचों में 66 के बेहतरीन औसत के साथ 1056 रन बना चुके हैं, जिसमें उनके बल्ले से 2 शतक और 7 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली हैं। अभी जायसवाल के इन आंकड़ों में इजाफा होना तय है क्योंकि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ अभी इस टेस्ट सीरीज का एक और मुकाबला खेलना बाकी है।

# धोनी ने मीम्स थाला फॉर ए रीजन पर तोड़ी चुप्पी, कहा...



आईपीएल 2025 के प्लेयर रिटेंशन पर टिकी निगाहें

नई दिल्ली। एक तरफ जहां सभी फैंस की नजरें आईपीएल 2025 के प्लेयर रिटेंशन पर टिकी हुई हैं तो वहीं सोशल मीडिया पर एमएस धोनी का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह उनको लेकर वायरल होने वाली मीम्स थाला फॉर ए रीजन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नजर आए हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के साल 2025 में खेले जाने वाले सीजन से पहले मेगा प्लेयर ऑक्शन का आयोजन किया जाना है, ऐसे में सभी फैंस की नजरें प्लेयर रिटेंशन पर टिकी हुई हैं। इसमें चेन्नई सुपर किंग्स के रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों पर भी सभी का ध्यान है, जिसमें एमएस धोनी खेलेंगे या नहीं इसको लेकर स्थिति साफ हो जाएगी। वहीं इसी बीच एमएस धोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह थाला फॉर ए रीजन को लेकर वायरल होने वाली मीम्स वीडियो पर पहली बार जवाब देते हुए नजर आए। बता दें कि उस ट्रेंड का मतलब धोनी की जर्सी नंबर 7 से जुड़ा हुआ है। एमएस धोनी से जब एक प्रमोशनल इवेंट में सवाल पूछा गया कि थाला फॉर ए रीजन को लेकर वह क्या कहना चाहते हैं तो उन्होंने इसके जवाब में कहा कि मुझे नहीं पता ये कहां से आया, मुझे इसके पीछा का कारण भी नहीं पता। मुझे लगता है कि ये मेरे फैंस की तरफ से मुझे दिया गया है और मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि मेरे पास शानदार फैंस मौजूद हैं। हालांकि मुझे नहीं पता कि ये मजाक है या मेरी टांग खींची जा रही है। आईपीएल का साल 2008 में पहला सीजन खेला गया था, जिसके बाद से धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का काफी अहम हिस्सा रहे हैं।

# केंद्र ने पीएम मुद्रा योजना में लिमिट को किया दोगुना

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से दीपावली से पहले देशवासियों को बड़ी सौगत दी गई है। सरकार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले लोन की सीमा को बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। अब इस योजना में व्यापार करने के लिए 20 लाख रुपये तक का लोन ले सकते हैं। पहले यह लिमिट 10 लाख थी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट 2024-25 में पीएम मुद्रा योजना में दिए जाने वाले लोन की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का ऐलान किया गया था।

सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस योजना में अब एक नई कैटेगरी %तरुण प्लस% को जोड़ा गया है, जिसमें छोटे व्यापारी 20 लाख रुपये तक के लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं।इससे पहले इस योजना में तीन कैटेगरी थी, जिसमें शिशु के तहत 50,000 रुपये तक, किशोर में 5 लाख रुपये तक और तरुण में 10 लाख रुपये का लोन दिया जाता है।

इस कदम के जरिए सरकार की कोशिश छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देना है, जिससे कि वे आसानी से कारोबार के लिए लोन ले सकें। इससे नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और लोगों को अपना कारोबार खोलने का अवसर भी मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

ऐसे लोग जो कारोबार शुरू करना चाहते हैं या फिर अपने छोटे कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं। उन लोगों के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एक अच्छा विकल्प है। मुद्रा लोन की खास बात यह है कि इस पर ब्याज दरें काफी कम होती हैं और लोन की लिए आपको किसी गारंटर की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि सरकार यहां पर गारंटर होती है।आप अपने किसी नदजीकी बैंक शाखा या फिर ऑनलाइन माध्यम से पीएम मुद्रा लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# केंद्र ने इंटरनेट का बेहतरीन अनुभव देने के उद्देश्य से इमारतों की रेटिंग को लेकर जारी किए नए नियम

मुंबई । भारतीय नागरिकों को इंटरनेट का बेहतरीन अनुभव देने के उद्देश्य से सरकार ने नए नियम जारी किए हैं। नए नियम डिजिटल कनेक्टिविटी को लेकर संपत्तियों की रेटिंग के लिए बनाए गए हैं। इसी के साथ नए नियम दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और संपत्ति प्रबंधकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देंगे।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियम, 2024' शीर्षक से विनियम जारी किए हैं। नए नियम प्रभावी हो चुके हैं।

विनियमों के प्रावधानों के अनुसार, डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग मैनेज करने के लिए ट्राई की ओर से एक रेटिंग प्लेटफॉर्म सेटअप किया जाएगा। इसके अलावा, ट्राई एक इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम और इससे जुड़े एप्लिकेशन को भी सेटअप करेगा। ट्राई ने कहा, ,26 अक्टूबर (आरएनएस)वे प्रॉपर्टी मैनेजर जो



अपनी प्रॉपर्टी के मिनिमम स्पेसिफाइड साइज के साथ रेटिंग के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें रेटिंग प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रॉपर्टी मैनेजर को फीस और अथॉरिटी द्वारा तय किए गए फॉर्मेट का ध्यान रखना होगा।,26 अक्टूबर (आरएनएस)

डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए रेटिंग के उद्देश्य से प्रॉपर्टी को आवासीय, सरकारी प्रॉपर्टी, कमर्शियल इस्टैब्लिशमेंट, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र, स्टेडियम या खेल का मैदान, ट्रांसपोर्ट कॉरिडर और लोगों के बार-बार इकट्ठे होने वाली जगह जैसी कैटेगरी में बांटा गया है।

दूरसंचार नियामक के अनुसार, 4जी (एलटीई) नेटवर्क के कवरेज और 5जी नेटवर्क के रोलआउट के बावजूद स्पेक्ट्रम बैंड की उपलब्धता एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है।

इसके अलावा, बिल्डिंग के अंदर डिजिटल कनेक्टिविटी की कवरेज और गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। इन परेशानियों को सेवा प्रदाताओं और संपत्ति प्रबंधकों के सहयोग से दूर किए जाने की जरूरत है। नए नियमों को संपत्ति प्रबंधकों द्वारा अपने ग्राहकों को एक अच्छा डिजिटल कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए हैं। ददूरसंचार नियामक ने कहा, ,26 अक्टूबर (आरएनएस)बेहतर रेटिंग वाली संपत्ति ज्यादा यूजर्स, खरीदारों और निवेशकों को आकर्षित करेगी और इससे संपत्ति का मूल्य बढ़ेगा।

## ऑस्ट्रेलिया में हवा में आमने-सामने से आपस में टकराये दो विमान, 3 की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में 2 विमानों की हवा में टक्कर होने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में शनिवार को दो हल्के विमान बीच हवा में टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त होकर वन क्षेत्र में गिर गए। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं।



बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस दल सिडनी से लगभग 55 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में दो मलबा स्थलों पर पहुंचे। टक्कर होने के बाद एक विमान में आग लग गई। च्न्यू साउथ वेल्स पुलिसज् के कार्यवाहक अधीक्षक टिमोथी कैलमैन ने पुष्टि की कि दो लोगों को ले जा रहा सेसना 182 विमान एक अत्यंत हल्के विमान से टकरा गया जिसमें एक व्यक्ति सवार था। पीड़ितों के बारे में और जानकारी नहीं दी गई है।

इन दोनों विमानों की टक्कर आमने-सामने से हुई। इससे उसमें बैठे हवाई यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना में कम से कम 3 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य लोग घायल हो गए हैं।

# प्रथम पेज का शेष

***जम्मू-कश्मीर के पुंछ में.....***

जब वह अफरवत रेंज में नागिन पोस्ट की ओर जा रहा था। शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ-साथ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के लिए ड्रोन और हेलिकॉप्टर तैनात किए।

अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने के लिए शुरू किए गए तलाशी अभियान में सुरक्षा बल मानवीय और तकनीकी खुफिया इनपुट प्रयोग कर रहे हैं। पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। यह क्षेत्र पूरी तरह से सेना के अधीन है और हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि एक आतंकवादी समूह ने गर्मियों की शुरुआत में घुसपैठ की थी और अफरवत रेंज के ऊंचे इलाकों में शरण ली थी।

***कांग्रेस ने जारी की 23 उम्मीदवारों.....***

जैसे, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण को कराड साउथ सीट से फिर से मैदान में उतारा गया है, जबकि पार्टी अध्यक्ष नाना पटोले को सकोली सीट पर टिकट दिया गया है। इन निर्णयों से कांग्रेस ने अपने मजबूत नेतृत्व को एक बार फिर से मैदान में उतारने का संदेश दिया है। 0 एमव्हीए गठबंधन में बनी एकजुटता, मिलकर लड़ेंगे चुनाव- कांग्रेस और उसके सहयोगी दल एमव्हीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव और महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि गठबंधन में कोई मतभेद नहीं है और सभी दल एकजुट होकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि जनता इस बार महायुति सरकार को हटाने के लिए तैयार है। पार्टी का मानना है कि एमव्हीए के साथ मिलकर कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी।

0 महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान, 23 नवंबर को आएंगे नतीजे- महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे और इसके नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। वर्तमान में महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शासन है, जिसमें शिवसेना, बीजेपी और एनसीपी (अजित पवार गुट) शामिल हैं। कांग्रेस को इस बार गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव में उतरने का फायदा मिल सकता है। पार्टी ने घोषणा की है कि वह एमव्हीए के समर्थन से एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाएगी।

***सीएम आवास पहुंचीं राष्ट्रपति ....***

विभिन्न अवसरों पर ली गई छायाचित्र का एल्बम नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में भेंट किया। राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, वर्तमान समय डिजिटल का है और फोटो डिजिटल रूप में तुरंत मिल जाती हैं। लेकिन आपने इतने सीमित समय में इसका एल्बम तैयार कर मुझे दिया है। आपने इस फोटो एल्बम के माध्यम से मेरे छत्तीसगढ़ प्रवास को चिरस्मरणीय बना दिया है।

***एसीबी ने प्रिज्म होलोग्राफी ...***

होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे, उस पर सुनील दत्त के हस्ताक्षर होते थे।

पूछताछ में मुख्य आरोपियों के साथ निकले संबंध - पूछताछ के दौरान इस बात की पुष्टि हुई है कि, सिंडिकेट के मुख्य आरोपी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी के संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता द्वारा फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराये गये थे। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

***रायपुर में मकान की पहली....***

जिसके बाद वहां आग की लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी और अपनी ओर से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसे नियंत्रण में लाना मुश्किल हो गया।

फिलहाल, पुलिस और फायर विभाग इस घटना की गहनता से जांच कर रहे हैं ताकि आग लगने के वास्तविक कारण का पता लगाया जा सके। पुलिस का मानना है कि एसी के शॉर्ट सर्किट से आग लगी हो सकती है, लेकिन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस घटना से देवेंद्र नगर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

## अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुचे



नई दिल्ली। भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है। नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराया, कांस्य पदक हासिल किया



नई दिल्ली। गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को पेनाल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनाल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई।

इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की थी। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे। खेल के 11वें मिनट में ही दिलराज ने मुकेश टोप्पो की मदद से गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा।

मनमीत ने 20वें मिनट में अनमोल एक्का और मुकेश के शानदार स्टिकवर्क की मदद से मैदानी गोल किया। इसके बाद भारत ने लगातार हमले किए लेकिन वह अपनी बढ़त और मजबूत नहीं कर पाया। तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन न्यूजीलैंड ने चौथे क्वार्टर में दो गोल करके वापसी की, जिससे भारत की कांस्य जीतने की उम्मीदें अधर में लटक गईं। खेल के 51वें मिनट में ब्राउन ने ब्रैडली रोथवेल के क्रॉस पर बड़ी खूबसूरती से मैदानी गोल किया। इसके छह मिनट बाद एल्म्स ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। एल्म्स ने भारत के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी।

# आईआईटियन्स ने वैश्विक स्तर पर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में बनाई अपनी विशेष पहचान- राष्ट्रपति



00 राष्ट्रपति ने आईआईटी भिलाई के तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में की शिरकत
00 आईआईटी भिलाई के लिए 26 अक्टूबर का दिन स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा
00 राष्ट्रपति ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को दी हार्दिक बधाई
00 आईआईटी भिलाई सामाजिक तौर पर प्रासंगिक अनुसंधान को दे रहा बढ़ावा
00 आईआईटियन्स ने अपनी अग्रणी खोज, वैज्ञानिक सोच, नवोन्मेषी एवं दूरगामी दृष्टिकोण से देश एवं दुनिया की प्रगति में दिया अपना विशेष योगदान

दुर्ग (दावा)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के लिए आज 26 अक्टूबर का दिन स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। देश की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इस संस्थान की तृतीय एवं चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर संस्थान के विभिन्न इंजिनियरिंग शाखाओं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्वर्ण पदक प्रदान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बहुत बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों, प्राध्यापकों, साथियों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन आपके लिए खुद को यह याद दिलाने का दिन है कि आप एक जिम्मेदार नागरिक और सक्षम व्यक्ति के रूप में बाहर की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईआईटी भिलाई द्वारा आदिवासी समाज की प्रगति के लिए तकनीकी क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयास सराहनीय हैं। आईआईटी भिलाई ने ऐग्रीटेक, हेल्थटेक और थिंकटैंक पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया हैं। आईआईटी भिलाई ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एम्स रायपुर के साथ सहयोग करके मोबाइल फोन ऐप्स बनाए है, जिससे गांव के लोगों को घर बैठे चिकित्सा संबंधी मदद मिल जाती है। इस संस्थान ने इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के साथ भी सहयोग करके किसानों के लिए समाधान बनाएं हैं। जिससे उन्हें अपने संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन और सहायता मिलती है। यह सराहनीय है कि 6 लाख किसान क्रॉप डॉक्टर नाम के मोबाइल ऐप्लिकेशन का उपयोग कर रहे हैं। यह संस्थान सामाजिक तौर पर प्रासंगिक अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा संबंधी प्रोजेक्ट भी चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही महुआ जैसे लघुवनोपज पर भी शोध किया जा रहा है। आईआईटी भिलाई एक समावेशी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और यहां वंचित तथा पिछड़े वर्गो के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस संस्थान ने छात्राओं की संख्या और भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं।

आईआईटी के छात्रों ने विश्व स्तर पर विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ग्लोबल कंपनी का नेतृत्व करते हुए हमारे आईआईटियन्स ने अपने तकनीक एवं कौशल से 21वीं सदी की दुनिया में उच्च स्थान प्राप्त किया है। आईआईटी के विद्यार्थियों ने स्वरोजगार एवं उद्यमिता का रास्ता चुना है और रोजगार का सृजन किया है। आईआईटियन्स ने अपनी अग्रणी खोज, अपनी वैज्ञानिक सोच, नवोन्मेषी एवं दूरगामी दृष्टिकोण से देश एवं दुनिया की प्रगति में अपना योगदान दिया है। उन्होंने भारत में डिजिटल ट्रान्सफार्मेशन एवं स्टार्टअप कल्चर को भी बढ़ावा दिया है। तकनीकी विकास के माध्यम से देश को विश्व में उंचा स्थान दिलाने में आईआईटी इको सिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका को हम सब जानते हैं। आप सभी विद्यार्थियों पर इस परम्परा को आगे बढ़ाने का बड़ा दायित्व है। यहां के छात्र अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे। उपयोग के क्षेत्र में कहा जाता है नो रिस्क नो गेन। दूसरे शब्दों में रिस्क नहीं लेने की मानसिकता से स्वरोजगार में सफलता नहीं मिल सकती। रिस्क एपेटाइट के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। एआई, ब्लॉकचेन, आग्युमेन्टेड रियालिटी, क्वांटम कम्प्यूटिंग, साईबर सिक्योरिटी और अन्य तकनीक को आप सभी जानते है। उन्होंने युवाओं से कहा नई तकनीक का विकास करें और दुनिया को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें। भारत सरकार ने देश के सभी क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी उच्च शिक्षा देने के लिए देश भर में 23 आईआईटी स्थापित किए हैं। सर्वोच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। देश में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आईआईटीएक मजबूत इको सिस्टम तैयार करेंगे। यह इको सिस्टम विकसित भारत की पहचान बनेगा। आईआईटी भिलाई नये सपनों, नई सोच, नवीनतम तकनीक के साथ यह संस्थान और विद्यार्थी देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने और विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को और आगे ब?ने की आपकी यात्रा के लिए मेरी अनंत शुभकामनाएं। मेरी मंगलकामना है कि आप सबका भविष्य उज्ज्वल हो और आप विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करते रहें।

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आईआईटी भिलाई के तीसरे और चौथे संयुक्त दीक्षांत समारोह के इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई दी। छत्तीसगढ़ में हम सभी के लिए यह सम्मान की बात है कि हमारे माननीय राष्ट्रपति ने आज इस समारोह में अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया है।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि वर्ष 2016 में छत्तीसगढ़ में आईआईटी भिलाई की स्थापना ने राज्य के तकनीकी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कमी को पूरा किया। इस संस्थान का स्थायी परिसर हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित किया गया। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि वैश्विक सोच और दृष्टि वाला राष्ट्रीय महत्व का यह संस्थान अब हमारे राज्य में फल-फूल रहा है। बहुत कम समय में, इस संस्थान ने छत्तीसगढ़ के लोगों के दिलों और दिमाग में अपनी जगह बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ भारत के धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है। हमारा राज्य प्राकृतिक संसाधनों और खनिज के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत में भी समृद्ध है। यह संस्थान हमारे राज्य के लोगों के लिए प्रत्यक्ष सामाजिक और आर्थिक प्रासंगिकता के मुद्दों पर हमारी सरकार की विभिन्न शाखाओं के साथ कार्य कर रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के विभागों, एजेंसियों और आईआईटी भिलाई के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कुछ परियोजनाएं नदियों के पुनरुद्धार, जिला प्रशासन की क्षमता निर्माण और राज्य की अमूर्त विरासत को संरक्षित करने से संबंधित हैं। उन्होंने संस्थान के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में यह संस्थान हमारे राज्य तथा राष्ट के लिए उपलब्धियाँ हासिल करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हम सभी के लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ के गौरवशाली शिक्षण संस्थान आईआईटी भिलाई के तीसरे और चौथे संयुक्त दीक्षांत समारोह में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु उपस्थित हैं। इस मंच पर उनकी उपस्थिति से मैं स्वयं को भी गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। उन्होंने सभी विद्यार्थी को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अवगत कराया कि इस संस्थान का शिलान्यास हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 14 जून 2018 को किया था। संस्थान के इस अत्याधुनिक स्थायी परिसर को उन्होंने 20 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित किया था। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ने आईआईटी भिलाई जैसे गौरवशाली संस्थान की नींव रखी, तो उन्होंने इस राज्य के स्वर्णिम भविष्य की भी नींव रख दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय तकनीक का समय है। जिस देश और प्रदेश के पास तकनीक की ताकत होगी वह उतनी ही तेजी से विकास करेगा। आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हम विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यह लक्ष्य तकनीक को हासिल किए बिना हासिल नहीं किए जा सकते। यह हमारे सौभाग्य है कि राज्य में आईआईटी भिलाई के साथ-साथ ट्रिपल आईटी, एनआईटी जैसे उत्कृष्ट संस्थान मौजूद है। ये संस्थान तकनीक से लैस एक ऊर्जावान युवा पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो देश और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। आईआईटी भिलाई हमारे राज्य में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क की स्थापना के लिए हमारी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। यह इस राज्य का पहला आईटी पार्क होगा। इससे सूचना प्रौद्योगिकी के साथ-साथ स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, परिवहन, एग्रीटेक और हेल्थटेक के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए अवसर खुलेंगे। इसी तरह आईआईटी भिलाई हमारी सरकार के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में एक विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित करने का काम कर रहा है। यह केन्द्र छत्तीसगढ़ के स्कूलों के लिए एक एआई आधारित सेंट्रलाइज्ड कमांड और नियंत्रण केन्द्र तैयार करेगा। यह हमें स्कूलों के प्रदर्शन, बुनियादी ढांचे और छात्रों की संख्या आदि के संबंध में जानकारियां प्रदान करेगा। इससे नीतियों के निर्माण और संसाधनों के वितरण के संबंध में सटीक निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। समारोह में आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्ष के.वेंकटरमन, डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश, संभागायुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं संस्थान के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## कॉन्फ्लुएंस में पोस्टर एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

राजनंदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ ( विशाखा) के द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के सशक्तीकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देना है, इस दिन को मनाने का मकसद लड़कियों को विकास के अवसर देना और समाज में उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाना भी है।



इस प्रतियोगित में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामना करने के लिए विद्यार्थियों को थीम के अनुसार पोस्टर बनाने एवं स्लोगन लिखने के लिए कहा ताकि इस पोस्ट एवं स्लोगन को देखकर समाज जागरूक हो सके इस पोस्ट बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं कुछ इस प्रकार से हैं, प्रथम स्थान पर महिमा साहू बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रही एवं द्वितीय स्थान पर राजविंदर कौर बीएड प्रथम सेमेस्टर की रही इसी प्रकार तृतीय स्थान पर नंदिता सैन बीएड प्रथम सेमेस्टर एवं कशिश अयाज प्रबंधन विभाग के प्रथम सेमेस्टर से रहे।

## रेलवे पुलिस ने की टिकिट दलालों के विरुद्ध कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। द.पू.म. रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल द्वारा रेलवे में घटने वाले सभी प्रकार के अपराधो में संलिप्त अपराधियो की धरपकड एवं अपराधो में अंकुश लगाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम मे वर्तमान त्यौहारो के सीजन में रेल मे यात्रा करने वाले यात्रियो की संख्या में वृद्धि एवं आरक्षित टिकटों की अत्याधिक मांग को देखते हुए रेल आरक्षित टिकटों का अवैध व्यापार करने वाले टिकिट दलाल सक्रिय हो गये है।



रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं बल सदस्य भी सक्रिय होकर लगातार छापेमारी व जांच कर रेल आरक्षित टिकिटों के अवैध व्यापार करते पाये जाने वाले टिकिट दलालों पर रेल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। 'ऑपरेशन उपलब्ध' सिर्फ़ एक ऑपरेशन नहीं है, बल्कि रेल आरक्षित टिकिटों की कालाबाजारी करने वाले टिकिट दलालों के विरूध्द रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा की गई वैधानिक कार्यवाही की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

वर्ष.2024 में अब तक रेलवे सुरक्षा बल द.पू.म. नागपुर मंडल द्वारा 97 टिकिट दलालों के विरूध्द मामले पंजीबद्ध कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है और जप्त की गई सामग्री में भविष्य में यात्रा करने वाली एवं पुरानी यात्रा टिकट का मूल्य 26,51, 416.46 रु. की टिकटे जप्त की गई है। साथ ही अवैध टिकट को बनाने में प्रयुक्त सामग्री कम्प्यूटर सिस्टम लैपटॉप मोबाईल आदि भी जप्त किया गया। नागपुर मंडल द्वारा लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है।

# खैरागढ़ कालेज में जनजातीय गौरवशाली अतीत पर संगोष्ठी आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ और शासकीय नवीन महाविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में जनजाति गौरव माह के अंतर्गत ''जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान'' थीम के तहत जनजाति गौरव कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

यह ऐतिहासिक कार्यक्रम महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि संतराम छेदईय्या, अनुसूचित जनजातीय अध्यक्ष, जिला केसीजी, मुख्य वक्ता डॉ. अनुराग जैन, प्रांत सचिव वनवासी विकास समिति, विशिष्ट अतिथि डॉ. देवमाईत मिंज, एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी विभाग, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, जितेंद्र किशोर वैष्णव वरिष्ठ ग्रंथपाल रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुरेश कुमार आडवाणी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के छायाचित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुई । तत्पश्चात राज गीत का गायन हुआ। अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर और उन्हें बैच लगाकर स्वागत किया गया। आरंभ में वनस्पति शास्त्र की सहायक प्राध्यापक एवं इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो. भबीता मंडावी ने कार्यक्रम की भूमिका पेश करते हुए कहा कि आदिवासी समाज आदिकाल से ही प्रकृति-पूजक व पर्यावरण संरक्षक रहा है। ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय सभ्यता-संस्कृति के निर्माण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । छत्तीसगढ़ शासन का यह कार्यक्रम जनजाति समाज की मूल्यांकन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है । इसके बाद आरआरआर फिल्म का एक गीत ''कोमराय भीमरु'' प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित हुआ। बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र देवेंद्र पटेल ने बिरसा मुंडा की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.अनुराग जैन ने स्वतंत्रता आंदोलन में अल्पख्यात व अज्ञात जनजाति महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इतिहास में औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध जनजाति समुदाय द्वारा किये प्रतिरोध को सही ढंग से दर्ज नहीं किया गया है, जिसके कारण भारतीय जनमानस उनके योगदान से अपरिचित है। 1857 से 70 वर्ष पूर्व ही आदिवासी अंग्रेजों की मंशा को भाँप गए थे। तिलका मांझी, बुधू भगत, सिद्धो कान्हो, चाँद भैरव, शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा के अलावा असंख्य ऐसे आदिवासी नायक हुए हैं, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतराम छेदईय्या ने गीत-कविता के माध्यम से आदिवासियों की वर्तमान दशा को चित्रित किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी कभी जंगलों के राजा हुआ करते थे, लेकिन अंग्रेजी सत्ता के क्रूर चाल ने उसे परदेसी की तरह जीवन जीने के लिए मजबूर कर दिया। तथाकथित सभ्य समाज के नकल करने की प्रवृत्ति के कारण आज आदिवासी समाज अपनी मूल परंपराओं को भूलता जा रहा है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि देवमाईत मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1857 की क्रांति की पूर्व पीठिका आदिवासियों द्वारा ही तैयार की गई। आदिवासी अस्मिता कभी गुलामी को स्वीकार नहीं करती। आदिवासी लोक परंपरा में समरसता और समभाव शुरू से विद्यमान रहा है। अंत में उन्होंने ''तुम्हारी पहचान'' नामक कविता के माध्यम से आदिवासी अस्मिता के संकट को व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ ग्रंथपाल जे.के.वैष्णव ने जनजाति गौरव माह के अंतर्गत महाविद्यालय में इस माह हुए रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध आदि प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि समृद्ध जनजातीय सांस्कृतिक विरासत की प्रसंशा करते हुए जनजातीय समाज के लोग बहुत भोले-भाले, सीधे-सरल व शांतिप्रिय होते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुरेश कुमार आडवाणी ने कहा कि जल-जंगल-जमीन को सुरक्षित रखने में जनजाति समाज की विशेष भूमिका है। वे पूरा जीवन अभाव में जीते हैं, लेकिन कभी भी पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते।



अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम की सह-संयोजक और वाणिज्य की सहायक प्राध्यापक प्रो. मोनिका जत्ती ने आभार प्रदर्शन किया और हिंदी के प्राध्यापक डॉ. उमेंद चंदेल ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया। इस कार्यक्रम में रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ और शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के समस्त शैक्षिणक स्टाफ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक प्रो. भबीता मंडावी, सह-संयोजक प्रो. मोनिका जत्ती, सदस्य प्रो. मनीषा नायक, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.एल. देवागन के साथ समस्त शैक्षणिक-अशैक्षणिक स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नई पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति से जोड़ना महत्वपूर्ण कार्य -मुख्यमंत्री विष्णु देव साय





मुख्यमंत्री ने विद्या भारती के क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का किया शुभारंभ

सरस्वती शिशु मंदिर रोहिणीपुरम में आवश्यक संसाधनों के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2024 का शुभारंभ करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को संस्कारवान् बनाने और भारतीय संस्कृति से जोड़ने में विद्या भारती द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव में नई पीढ़ी के बच्चे अपने सांस्कृतिक गौरव से परिचित होंगे। साथ ही वे संस्कारवान् भी बनेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर रोहिणीपुरम में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के लिए 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि उनका सरस्वती शिशु मंदिर से बचपन से जुड़ाव रहा है। भारतीय संस्कृति के संवर्धन हेतु क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक सिद्ध होगी और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को नई शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने इस मौके पर खरोरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की मंजूरी दी। कार्यक्रम को विद्या भारती के पदाधिकारी भालचंद्र रावले, प्रकाश ठाकुर और शशिकांत फडके ने भी संबोधित किया।

## एनपीपीएस-बल्देवबाग के विद्यार्थियों का 24वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन




राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल के बच्चों ने 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता कराते में 14 वर्ष वर्ग में बालिका अद्विका दूबे का चयन दुर्ग संभागीय दल के रूप में जगदलपुर 08 सितम्बर 24 से 11 सितम्बर 24 के लिए हुआ था, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

हैण्डबॉल बालक 14 वर्ष वर्ग में प्रतीक देवांगन का चयन दुर्ग संभागीय दल के रूप जगदलपुर के लिए हुआ थाए जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जिमनास्टिक बालक 14 वर्ष वर्ग में दिव्यांश दर्रो का चयन दुर्ग संभागीय दल के रूप में गौरेला-पेण्ड्रा, मारवाही 14 अक्टूबर 24 से 17 अक्टूबर 24 के लिए हुआ, जिसमें इनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

इन उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, कु. कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, खेल शिक्षक दुर्गेश साहू सहित स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्टाफ ने बधाईयां देकर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी स्कूल प्रशासक ने दी।

## टीकेश्वर सिन्हा ने लिखी छत्तीसगढ़ प्राथमिक पाठ्यक्रम के लिए बाल कहानी




घोटिया (दावा)। शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तहत रूम टू रीड के सहयोग तथा एस सी ई आर टी रायपुर के मार्गदर्शन में टीकेश्वर सिन्हा व्याख्याता (अंग्रेजी) स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटिया ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए एक हिंदी लघु कहानी ''आजादी'' लिखी है, जिसके लिए उन्हें पठन महोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

उक्त कहानी में केवल तीन पात्रों के जरिए आजादी की महत्ता को बताई गई है। कहानी को छत्तीसगढ़ प्राथमिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को पढ़ाई जाएगी।

अब तक सिन्हा की आठ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें दो बाल साहित्य हैं। अभी हाल में ही उनका छत्तीसगढ़ी बाल कहानी संकलन चल उड़ा रे पुचुक चिरई प्रकाशित होने जा रहा है। सिन्हा की रचनाएँ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

### गौ-सेवक ने गायों को दी बर्थ-डे पार्टी

# खैरागढ़ में 2000 किलो सब्जी-फलों को रंगोली की तरह सजाया; फिर 200 गायों को खिलाया

राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़ जिले में गो सेवक ने अपने जन्मदिन पर गायों को दावत दी। मनोहर गो शाला में 2000 किलो फल-सब्जियों को रंगोली की तरह सजाया गया। इसमें 9 घंटे का समय लगा। इसके बाद गायों को विशेष फल और सलाद की अनोखी दावत दी गई।





इसका वीडियो भी सामने आया है। युवा कारोबारी चमन डाकलिया ने अपने जन्मदिन पर गो सेवा करने का मैसेज दिया। वह गायों के लिए पिकअप-ट्रक में फल और सब्जी लादकर लाया। फिर इन्हें रंगोली की तरह सजाया। लगभग 200 गायों ने इसे खाया। इसमें करीब एक लाख रुपए का खर्चा हुआ।

### 100 रोटियों से की थी गायों को दावत देने की शुरुआत

चमन ने बताया कि, वह पिछले 9 साल से ऐसा कर रहा है। उसने 100 रोटियों से इसकी शुरुआत की। फिर कभी गुड़ की रोटी, कभी लापसी, ड्राई फ्रूट्स आदि की दावत गायों को दी। चमन ने बताया कि, वह मनोहर गो शाला की शुरुआत करने वाला पदम डाकलिया उसके इंस्पीरेशन हैं।

खैरागढ़ में एक अनोखा कामधेनु मंदिर है, जहां पर एक गाय है जिसका नाम है सौम्या। सौम्या का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। क्योंकि इस गाय की पूंछ 54 इंच लंबी है। दूर-दूर से लोग इसे देखने आते हैं।

### सौम्या को मानते हैं कामधेनु गाय

गौ शाला संचालक पदम डाकलिया ने बताया कि, शास्त्रों में समुद्र मंथन का जिक्र है। मंथन के दौरान जो गाय निकली थी वह कामधेनु ही थी। सौम्या गाय के शरीर पर देवी-देवताओं के कुछ प्रतीक चिन्ह हैं इसी वजह से लोग इसे कामधेनु गाय मानते हैं। इनके पास लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर भी आते हैं। पदम इस गो शाला में गोबर और गो मूत्र के मेडिसिन वैल्यू पर रिसर्च कर प्रोडक्ट भी तैयार कर रहे हैं।

# गोला बीड़ी का डुप्लीकेट तैयार करने वाले के विरूद्ध डोंगरगढ़ पुलिस की कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। डुप्लीकेट बिड़ी तैयार करने वाले के विरूद्ध डोंगरगढ़ पुलिस ने छापा मार कार्यवाही की। आरोपी अन्य कंपनियों के नाम से बिड़ी के बंडल में रैपर चिपकाकर कर मार्केट में बिक्री करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बीडी बनाने वाले स्थानीय कारीगरों से बिड़ी खरीदकर गोला बिड़ी, मनोहर बिड़ी एवं अन्य बिड़ी कंपनी के नाम से रैपर लगाकर बिक्री करते थे।

### दूसरे कंपनी के नाम से बीड़ी पैक कर मार्केट में बिक्री करने वाले व्यक्ति गिरफ्तार

मणीलाल दयाल एण्ड कंपनी निर्मित गोला बिड़ी वर्क्स जतीन मिरानी पिता प्रदीप मिरानी निवासी सदर बाजार धमतरी ने 26 अक्तुबर को थाना डोंगरगढ़ में शिकायत किया की दंतेश्वरी पारा में हमारे कंपनी के अनुरूप अवैध रूप से डुप्लीकेट बिड़ी का पैकेट तैयार कर विक्रय किया जा रहा है कि, सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा दंतेश्वरी पारा में रेड कार्यवाही कर आरोपी रविन्द्र साकरे पिता गैंदलाल सांकरे उम्र- 42 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड न.- 02 डोंगरगढ़ के पास से गोला बिड़ी का रैपर लगा हुआ 687 कट्टा बिड़ी, गोला बिड़ी बिना लेबल लगे 20 कट्टा, गोला बिड़ी का रैपर कागज का 150 नग, मनोहर बिड़ी लेबल लगा हुआ- 07 कट्टा, मनोहर बिड़ी बिना लेबल लगा हुआ- 20 कट्टा, मनोहर बिड़ी का कागज का बड़ा पुड़ा का रैपर- 2500 नग, मनोहर बिड़ी का लैबल 48 बंडल प्रत्येक बंडल में 500 नग लेबल, मनोहर बिड़ी का कागज का छोटा रैपर 500 नग, 345 बादशाही बीड़ी का लैबल 300 नग, 345 बादशाही बिड़ी का पुड़ा रैपर 200 नग एवं मनोहर बिड़ी का होलो ग्राम 4 पन्ना प्रत्येक पन्ना में 42-42 नग जप्त किया गया।

आरोपी रविन्द्र साखरे से पुछताछ करने पर कोई वैध कागजात का नहीं होना एवं स्थानीय जगहों से बिड़ी खरीद कर उसे पैक कर बाजार में बिक्री करना बताने पर आरोपी के द्वारा धारा- 318(4) बीएनएस एवं कॉपी राईट अधि. 1999 की धारा 63 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# दिवाली बोनस में गांव वालों को मिलेगा बिजली और पंखा, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

कवर्धा (दावा)। कबीरधाम कलेक्टर शुक्रवार को पंडरिया विकासखंड के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी बाहुल गांव पहुंचे। ग्राम कांदावानी के पाराटोला आश्रित गांव पटपर पहुंच कर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जन चौपाल लगाई। खास बात ये रही कि गांव वालों के साथ कलेक्टर भी जमीन पर बैठे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

### कवर्धा के बैगा गांव में कलेक्टर की जनचौपाल

पाराटोला के बैगा जनजाति सहित सभी किसानों, महिलाओं के साथ जमीन में बैठकर सीधा संवाद में कलेक्टर को गांव वालों ने कई समस्याएं बताई. कलेक्टर ने गांव वालों से वहां मिल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की सुविधा न होने से उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिसके बाद कलेक्टर ने उन्हें दिवाली से पहले ही गांव में बिजली पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### बैगा गांव में सोलर से बिजली और पंखा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि पूरे जिले में अति विशेष पिछड़ी जनजाति की संख्या लगभग 50 हजार है।

बैगा बाहुल्य इलाकों में शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं मिल रहा है इसका निरीक्षण किया गया. बैगा बाहुल्य पटपर गांव में दिवाली से पहले सोलर के माध्यम से लाइट और पंखा लगाने का निर्देश दिया गया है।

### आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने खाया खाना

कलेक्टर ने आदिवासी ग्रामीणों से समस्याएं सुनने के बाद गांव वालों के साथ मिलकर जमीन पर बैठकर आदिवासी भोजन का आनंद लिया। कलेक्टर ने गांव वालों को बताया कि सोलर से चलने वाली लाइट और फैन को घर घर में लगाया जाएगा। इसके खराब होने के बाद भी उन्हें खरीद कर लगाने की जरूरत नहीं है। प्रशासन को सूचना देने पर वे तुरंत आकर घरों से बिजली और पंखे बदले जाएंगे।

# खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में दिनदहाड़े लूट, सीमेंट व्यापारी के मुनीम से 7.80 लाख रुपये लेकर फरार हुए बदमाश



राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ठेलकाडीह सहसपुर दल्ली के बीच अज्ञात तीन बाइक सवार युवकों ने सीमेंट व्यापारी के मुनीम से सात लाख 80 हजार रुपये लूटकर ले गए। घटना शुक्रवार शाम छह बजे की आसपास की है।

राजनांदगांव निवासी सीमेंट व्यापारी चंद्रशेखर अग्रवाल सीमेंट और वाशिंग पाउडर की सप्लाई करता है। अपने मुनीम डोमर सिंह देवांगन को वसूली के लिए गंडई भेजा था। मुनीम गंडई से करीब सात लाख 80 हजार रुपये वूसली कर मोटर साइकिल से राजनांदगांव लौट रहा था, तभी ठेलकाडीह थानांतर्गत सहसपुर-दल्ली डामर प्लांट के पास लघुशंका के लिए रुका। लघुशंका कर जैसे ही मोटर साइकिल को चालू किया अज्ञात चोर मुनीम डोमर सिंह के मोबाइल और बैग में रखे रकम को लूटकर भाग निकले।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। लूटपाट की घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मुनीम अन्य दिनों की तरह रकम वसूली कर वापस लौट रहा था। पुलिस ने संदेह जताया है कि अज्ञात बाइक सवार तीन आरोपित काफी दूर से पीछे करते हुए आ रहे होंगे, और सूनसान का फायदा उठाकर रकम लेकर भाग गए।

ठेलकाडीह थाना के जांच अधिकारी कैलाश साहू ने कहा, सीमेंट व्यापारी के मुनीम से सात लाख 80 हजार रुपये की लूटपाट हुई है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रहे हैं। शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्षेत्र में रात्रि पेट्रोलिंग भी तेज कर दी गई है।

# अवैध शराब दुकान, अयोग्य नियुक्ति पर सहायक आयुक्त आबकारी पर हो अपराध दर्ज- रूपेश दुबे



- वसूली के लिए अपने अयोग्य व आरोपी गुर्गों दी नियुक्ति
- एडिशनल एसपी, कोषालय अधिकारी को भी अवैध शराब दुकान में घसीटा

राजनांदगांव (दावा)। छ ग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं विधि विभाग के प्रदेश महामंत्री रूपेश दुबे ने छ.ग. में बदहाल कानून व्यवस्था को निरंकुश प्रशासन व वसूली के लिए भाजपा सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को जो संरक्षण दे रहे है उसी के कारण हालात बेकाबू है जिसका एक प्रमाण राजनांदगांव के आबकारी विभाग को निरूपित करते हुए कहा कि यहां के सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर को नियम विरुद्ध कार्य करने में महारत है तभी तो सीएसएमसीएल के नियम के अनुसार किसी भी शॉप में जो मुख्य विक्रयकर्त्ता (सुपरवाइजर) की शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन का प्रावधान होने के बाद भी राजनांदगाव जिले में राठौर ने अपने प्रिय लोकेशन ऑफिसर रजत दुबे को जिले में शराब में पानी मिलाने, ओवर रेट, कोचीया को बोरी भर-भरकर शराब देने के लिए इसी प्रकार धनपत ध्रुव, राहुल सिन्हा, परमानन्द साहू, विनोद डोंगरे, राजू पडोती, दीपेश शर्मा, कैलाश सिन्हा, अमित देवांगन आदि सुपरवाइजर को शैक्षणिक योग्यता के विपरीत नियुक्ति देकर मात्र वसूली कराने सुपरवाइजर के पद पर रखा गया है। कोचीया को बोरी भर-भर के शराब देने के मामले में परमानद साहू, और शुभम को पुलिस ने गिरफ्तार कर के जेल भेजा था जिनका मामला कोर्ट में लंबित है शराब दुकान के किराए के कमीशन खोरी में एसीबी के हाथों पकड़े जाने और जेल यात्रा करने वाले के द्वारा राजनांदगांव में भी उसी तर्ज पर काम चालु कर दिए है और अपने इस काले कारनामे में एडिशनल एसपी, कोषालय अधिकारी सहित अन्य को भी अवैध कारोबार के संचालन अनुमति में सहभागी बनने का कार्य किया है क्योंकि जिस परिसर में दुकाने चल रही उसकी भवन अनुज्ञा निगम से हुई ही नहीं है और ना ही व्यवसायिक डायवर्शन हुआ है ऐसी दशा में यह परिसर अवैध है।

इस अवैध कार्य को छिपाने निगम क्षेत्र में होने के बाद भी निगम के किसी अधिकारी को स्थल चयन समिति का सदस्य नहीं बनाया गया क्योंकि वे सदस्य होते तो भवन अनुज्ञा की बात सामने आती और अवैध शराब दुकान के विरोध करने वालों पर अपराध दर्ज करा कर प्रशासनिक आतंकवाद का भी परिचय दिया है अवैध स्थल पर दुकान चलवा कर अयोग्य लोगों को नियुक्ति देकर शासन को राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है अतः सहायक आयुक्त आबकारी राठौर पर अपराध दर्ज कर राशि वसूली की जावे।

# एक बार फिर 30 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। देशभर में विमानों में बम होने की धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं। सुरक्षा प्रोटोकॉल के मुताबिक विमानों की जांच की गई। बताया जाता है कि 13 दिन में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये 300 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि सभी धमकियां फर्जी पाई गई हैं।

### अलर्ट मोड में सुरक्षा एजेंसियां




### इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा की उड़ानों को धमकी

शनिवार को इंडिगो, एयर इंडिया और विस्तारा की 11-11 उड़ानों को धमकियां मिलीं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी कई उड़ानों को शनिवार को सोशल मीडिया के जरिये धमकियां मिलीं। निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्क किया गया।

### आईजीआई पर धमकी देने में युवक को पकड़ा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम की धमकी देने के मामले में पुलिस ने उत्तम नगर के युवक सौरभ उपाध्याय को पकड़ा। धमकी वाला ईमेल सौरभ की आईडी से भेजा गया था। पुलिस पूछताछ में सौरभ ने बताया कि टीवी पर धमकी वाली खबरें देखने के बाद उसने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए ईमेल किया था। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### गुजरात के 10 होटलों को भी मिली थी धमकी

गुजरात के राजकोट शहर में दस होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाला ईमेल मिला। जो बाद में झूठी साबित हुई। पुलिस के मुताबिक ईमेल करीब 12.45 बजे आया जिसके बाद बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस ने इन होटलों की पूरी तरह से तलाशी ली। विशेष ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के पुलिस निरीक्षक एस.एम. जडेजा ने बताया कि धमकी देने वाले ने खुद कैन डेन बताते हुए कहा था कि उसने इन दस होटलों में बम लगाए है, जो कुछ घंटों में विस्फोट करेंगे। हालांकि करीब पांच घंटे की तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल और होटल ग्रांड रीजेंसी, भाभा होटल सहित दस होटल शामिल थे।

### आईटी मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

बम धमकियों को लेकर फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मदद मांगी गई है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय ने इस मुद्दे को सुलझाने में मदद के लिए एक्स, मेटा और अन्य प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है। फर्जी बम धमकियों के मामले में सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की तरफ से 'उचित परिश्रम' अनुपालन में विफलता के मामले में परिणामी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# एसपी मोहित गर्ग द्वारा संजय बरेठ को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत



राजनांदगांव (दावा)। एसपी मोहित गर्ग ने उपनिरीक्षक संजय बरेठ को स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नति किया।

बता दें कि उक्त विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत् पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ के आदेश पर दिनांक 24 अक्टूबर के माध्यम से राज्य में 26 उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हेतु आदेशित किया गया था, जिसके तहत् शनिवार 26 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक संजय बरेठ को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद् पर पदोन्नत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर का स्थानांतरण जनपद पंचायत मगरलोड हुआ



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रशासकीय दृष्टिकोण से डोंगरगढ़ जनपद पंचायत की सीईओ सुश्री दिव्या ठाकुर का स्थानांतरण आगामी आदेश पर्यन्त, अस्थाई रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, मगरलोड, जिला-धमतरी के लिए हुआ है। सुश्री ठाकुर के स्थान पर आलोक कुमार सातपुते, वि.वि.अधिकारी जनपद पंचायत, बेरला, जिला-बेमेतरा को भेजा गया है।




# कांग्रेस ने दक्षिण विस चुनाव के लिये बनाई रणनीति




रायपुर (दावा)। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को राजीव भवन रायपुर में कांग्रेस की अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण रणनीति बनाई गई। बैठक में एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी ने सभी सेक्टर और बूथ एवं वार्ड प्रभारियों को उनके क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी। सभी ब्लाकों, कुल 19 वार्डों में विधानसभा क्षेत्र को बांटकर वरिष्ठ नेताओं को प्रभार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बात के लिये एकजुटता दिखाई कि दक्षिण विधानसभा में अबकी बार कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाना है।

### विधायकों और सीनियर नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

बैठक को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आप सभी को जिम्मेदारी दी गयी है। 2 मोबाइल से आप लोगों को काम करना है। वोटर को चिन्हित उसे ब्लॉक या वार्ड या स्थानीय ही वोटर को चिन्हित कर सकते हैं। सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करना है। भाजपा ने 10 माह में कौन सा काम किया है उनको बताना है। सरकार की नाकामी ब?ा मुद्दा है। बलौदाबाजार, लोहारीडीह की घटना को बताना है। सरकार के खिलाफ वातावरण बना सकते हैं। 10 महीने में हड़ताल पदयात्रा हो रही है इस सरकार में। भाजपा सरकार की अराजकता को लोगों को बताना है।

एआईसीसी संयुक्त सचिव एवं सह प्रभारी विजय जांगिड ने कहा कि पूरी ताकत से चुनाव लड़ना है। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा युवा प्रत्याशी है, एनएसयूआई के अध्यक्ष थे, अब युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष है। भाजपा के लोग भ्रम फैलाने का काम करते हैं। अविश्वास फैलाने की कोशिश की। बूथ में मतदाता चिन्हित करना है। मत वहीं है जो पेटी में डाला जाये और अधिक से अधिक मतदान करवाना है, सहयोग करना है। प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर काम करना है, लोगों को सक्रिय करना है। घर-घर जाकर उम्मीदवार से अपील करना है, कम से कम घर-घर में तीन बार जाना है। वरिष्ठ नेताओं का नुक्कड़ सभा कराने का प्रयास कराये। दिन प्रतिदिन मॉनिटरिंग करनी है। जो साथी काम करने में सहमत है वहीं काम करने आगे आये। कोई 5 मुद्दे लेकर जनता के बीच जायेंगे। प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है चुनाव को गंभीरता से लेना है। जो नेता काम करे उनसे सहयोग लें। वार्ड वाइस प्रभारी को जिम्मेदारी दिया है। सभी आज से अपने प्रभार क्षेत्र में काम शुरू कर दें।

बैठक में वरिष्ठ एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश प्रभारी जरिता लेतफलांग, एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश प्रभारी एस.ए. सम्पत कुमार, एआईसीसी सहसचिव एवं प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री अनिल भेड़िया, पूर्व मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने अपने सुझाव दिया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com